**खास बात**

*जो छोटे से मजाक पर इतनी जोर से ठहाका मार सकता है। उससे ज्यादा जरूरी काम नहीं हो सकता और जो केवल मुस्कराते हैं उसे अपने काम की फिक्र ज्यादा है।*
*- रुजवेल्ट*

।। श्री हरि शरणम् ।।

रायसेन से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN/2012/43555

वर्ष - 12 अंक - 171

रायसेन
बुधवार, 18 दिसंबर 2024

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

**रायसेन, नर्मदापुरम एवं भोपाल से प्रकाशित**


## संक्षिप्त समाचार

### मध्य प्रदेश में ठंड का दौर जारी, प्रदेश के पांच शहरों का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री से नीचे दर्ज



**भोपाल।** मध्य प्रदेश लगातार शीत लहर की चपेट में है। ठंड लगातार रिकॉर्ड भी तोड़ती नजर आ रही है। इस बार दिसंबर जनवरी से भी ज्यादा ठंडा है। पिछली रात सबसे ठंडा पचमढ़ी रहा यहां का न्यूनतम तापमान 1.9 दर्ज किया गया। जबकि राजधानी भोपाल के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हुई है। यहां का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले रिकॉर्ड 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। प्रदेश के पांच शहरों का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। प्रदेश के ग्वालियर जिले में हल्का से मध्यम कोहरा छाया रहा एवं पचमढ़ी (नर्मदापुरम) और रायसेन जिले में पाला पड़ा। प्रदेश में पिछले 8 दिन से शीतलहर चल रही है।

### जर्मनी चांसलर शोल्ज संसद में अविश्वास हारे, अब होगा चुनाव

**बर्लिन।** जर्मनी में चांसलर ओलाफ शोल्ज के खिलाफ संसद के निचले सदन बुंडेस्टाग में अविश्वास प्रस्ताव पास हो गया है।



रॉयटर्स के मुताबिक सोमवार को जर्मनी के 733 सीटों वाले निचले सदन में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर वोटिंग की गई। इसमें 394 सदस्यों ने शोल्ज के खिलाफ वोट दिया, 207 सांसदों ने उनका समर्थन किया, जबकि 116 सदस्यों ने मतदान में भाग नहीं लिया। शोल्ज को बहुमत हासिल करने के लिए 367 सांसदों का समर्थन हासिल करना जरूरी था। वोटिंग के नतीजे आने के तुरंत बाद ही चांसलर ओलाफ शोल्ज ने जर्मनी के राष्ट्रपति फ्रांक वाल्टर श्टाइनमायर से संसद को भंग करने और नया चुनाव कराने की अपील की है।

### उद्धव ठाकरे ने सीएम देवेंद्र फडणवीस से की मुलाकात, आदित्य भी रहे मौजूद



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को नागपुर में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से विधान भवन में उनके कक्ष में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान, उद्धव ठाकरे के साथ शिवसेना (यूबीटी) के विधायक आदित्य ठाकरे, अनिल परब और वरुण सरदेसाई भी मौजूद थे। बता दें कि उद्धव ठाकरे राज्य विधानमंडल के चल रहे शीतकालीन सत्र में भाग लेने के लिए मंगलवार को नागपुर पहुंचे थे। जहां वे शाम को शिवसेना (यूबीटी) विधायक दल की बैठक में भी शामिल होंगे।

## पीएम मोदी की मौजूदगी में परियोजना के अनुबंध सहमति पत्र पर हुए हस्ताक्षर

# मप्र में पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना से खुलेंगे विकास के द्वार

**मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए आज का दिन ऐतिहासिक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव**

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पार्वती- कालीसिंध -चंबल लिंक परियोजना मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों राज्यों को 'सुजलाम्-सुफलाम्' बनाएगी। आज यहां पर मप्र, राजस्थान और केंद्र सरकार के बीच जो अनुबंध सहमति पत्र (मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट) हस्ताक्षरित हुआ है, वह सामान्य सहमति पत्र नहीं है, यह आने वाले कई दशकों तक याद रखा जाएगा। इसके लिए मप्र और राजस्थान सरकार तथा जनता सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि परियोजना पर बिना रुके काम आगे बढ़ता रहेगा और समय से पहले परियोजना पूरी होगी।

पीएम मोदी मंगलवार को जयपुर में राजस्थान सरकार के 1 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने एवं पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के त्रिपक्षीय अनुबंध कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपस्थिति में परियोजना के अनुबंध सहमति पत्र पर मप्र, राजस्थान और केंद्र सरकार की ओर से हस्ताक्षर किए गए। इसके पहले पीएम मोदी ने चंबल नदी के जल से युक्त कलश के जल को एक बड़े कलश में प्रवाहित किया। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दिए गए कालीसिंध नदी के जल से युक्त कलश के जल और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा दिए गए पार्वती नदी के जल से युक्त कलश के जल को भी उसी बड़े कलश में प्रवाहित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने नदियों को जोड़ने का विजन (सपना) रखा था और उसके लिए विशेष समिति भी बनाई गई थी। नदियों को जोड़ने की योजना तो बन गई पर उन्हें पूर्व सरकारों ने अनावश्यक रूप से उलझाए रखा। परंतु हमारी सरकार विवाद नहीं- संवाद की, विरोध नहीं- सहयोग की नीति पर कार्य करती है।



**प्रधानमंत्री मोदी ने दी विकास की अद्भुत सौगात**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से यह परियोजना 20 वर्षों के लम्बे इंतजार के बाद मूर्त रूप ले रहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिक युग के भागीरथ की तरह उन्होंने राजस्थान और मध्यप्रदेश को इस परियोजना के माध्यम से विकास की अदभुत सौगात दी है। मध्यप्रदेश के चंबल और मालवा क्षेत्र के लिए यह एक अद्वितीय परियोजना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को जयपुर में पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना के एमओए (अनुबंध पत्र) के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश और राजस्थान की वर्तमान सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर दोनों प्रदेशों की जनता को उपहार देने स्वयं प्रधानमंत्री पधारे है।

**सीएम डॉ. मोहन यादव आज खेल प्रतिभाओं का करेंगे सम्मान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आज दोपहर 12.30 बजे तात्या टोपे खेल स्टेडियम में मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व के उपलक्ष में खेल प्रतिभाओं का सम्मान एवं प्रोत्साहन समारोह होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग करेंगे। मंत्री श्री सारंग ने विधानसभा स्थित अपने कक्ष में खेल अधिकारियों के साथ समारोह के पहले समीक्षा कर कार्यक्रम के गरिमापूर्ण आयोजन के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## लोकसभा में 'वन नेशन-वन इलेक्शन' विधेयक पेश

# 20 से अधिक भाजपा सांसद रहे नदारद, अब पार्टी भेजेगी नोटिस



**विधेयक के पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 वोट**

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

लोकसभा में मंगलवार को 'वन नेशन-वन इलेक्शन' विधेयक पेश किया गया। इस मौके पर सदन में अनुपस्थित रहने वाले सांसदों को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नोटिस भेज सकती है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा ने मंगलवार को अपने लोकसभा सदस्यों को सदन में मौजूद रहने के लिए तीन लाइन का व्हीप जारी किया था। जब विधेयक के लिए वोटिंग हुई तो भाजपा के 20 सांसद सदन में मौजूद नहीं थे। इसी को लेकर पार्टी ने इन लोगों को नोटिस भेजने का फैसला लिया है।

**जेपीसी के पास भेजा विधेयक**

गौरतलब है, लोकसभा और विधानसभा चुनाव एकसाथ कराने संबंधी संविधान संशोधन विधेयक मंगलवार को लोकसभा में स्वीकार कर लिया गया। संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 जिसे एक राष्ट्र-एक चुनाव विधेयक के रूप में जाना जाता है, इसे केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने पेश किया। पेश किए जाने के बाद विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया गया है। लोकसभा में यह विधेयक पेश किए जाने के पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 वोट पड़े। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग के बाद पर्चे से मतदान हुआ और तब जाकर यह विधेयक लोकसभा में पेश हो सका। देशभर में एक साथ चुनाव कराए जाने को लेकर पिछले साल सितंबर में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी ने मार्च में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसी साल सितंबर में मोदी कैबिनेट ने इस रिपोर्ट को मंजूरी दी थी।

**राज्यसभा में भिड़े संजय और नड्डा : आप का मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का आरोप**

राज्यसभा में मंगलवार को भारी हंगामा हुआ। आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने सत्तारूढ़ एनडीए के इशारे पर दिल्ली में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि भाजपा को आगामी विधानसभा चुनाव से पहले ध्रुवीकरण नहीं करना चाहिए। हालांकि, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ ही केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी इसका विरोध किया। नड्डा ने दावा किया कि बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के नाम संविधान में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं।

## दूसरे दिन विधानसभा में कटोरा लेकर पहुंचे कांग्रेस विधायक, नारेबाजी कर किया हंगामा

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का मंगलवार को दूसरा दिन भी हंगामेदार रहा। सुबह कांग्रेस विधायक हाथ में कटोरा लेकर विधानसभा परिसर में पहुंचे। उन्होंने प्रदेश में बढ़ते कर्ज को मुद्दा बनाकर गांधी प्रतिमा के पास जमकर नारेबाजी की। वहीं, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सदन के पटेल पर 22,460 करोड़ रुपये का पूरक बजट रखा। इस पर बुधवार को चार घंटे चर्चा होगी। विधानसभा सत्र के दूसरे दिन कांग्रेस विधायकों ने मध्य प्रदेश में बढ़ते हुए कर्ज को मुद्दा बनाया और तमाम विधायक अपने हाथ में कटोरा लेकर गांधी प्रतिमा के पास पहुंचे कांग्रेस विधायकों का आरोप है कि मध्य प्रदेश में लगातार कर्ज बढ़ रहा है।



**वित्त मंत्री ने 22460 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया**

मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का 17 दिसंबर को दूसरा दिन रहा। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने 22460 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया। इस पर सदन में 18 सितंबर को चर्चा होगी ।वहीं मध्यप्रदेश विधानसभा को 68 साल पूरे हो गए हैं। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने 2024 - 2025 का 22,460 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया।

## हरदा फैक्ट्री ब्लास्ट में मृतकों के परिजनो को 15-15 लाख मुआवजे के आदेश

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने हरदा पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट में मरने वाले लोगों के परिजन को 15-15 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है। ये आदेश केवल मृत्यु के मामलों में मुआवजा के लिए हैं। प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विनय सराफ की डबल बेंच ने याचिकाकर्ता फैक्ट्री मालिकों को यह छूट दी है कि वे घायलों, संपत्ति नुकसान और अन्य मदों के लिए तय मुआवजे को लेकर एनजीटी में आपत्ति उठा सकते हैं। कोर्ट ने एनजीटी को कहा है कि सभी बिंदुओं पर विस्तृत सुनवाई के बाद अंतिम आदेश जारी करें।



## गृह मंत्री शाह ने विपक्ष पर साधा निशाना कहा- 'चश्मा अगर विदेशी हो, तो संविधान में नहीं दिखेगा भारत',

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

राज्यसभा में मंगलवार को 'भारत के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा जारी है। इस पर जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, यह चर्चा हमारे संविधान के कारण हमारा देश कितना आगे बढ़ा, इसका अहसास हमारी जनता को कराएगा। उन्होंने कहा, संविधान पर दोनों सदनों में जो चर्चा हुई है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरक होगी। गृह मंत्री ने कहा, सरदार पटेल की वजह से देश मजबूत हुआ है।

गृह मंत्री ने कहा, 'बहुत लंबी आजादी की लड़ाई के बाद हम आजाद हुए। जब हम आजाद हुए तब दुनियाभर के राजनीतिक पंडितों ने कहा था कि यह देश बिखर जाएगा। शायद बन ही नहीं पाएगा। कुछ लोगों ने कहा था कि यहां लोकतांत्रिक मूल्य प्रतिस्थापित हो ही नहीं पाएंगे। एकता हो ही नहीं पाएगी और यह देश आर्थिक रूप से कभी आत्मनिर्भर नहीं होगा। आज 75 साल के समय के बाद संविधान को स्वीकार करने के बाद पीछे मुड़कर देखते हैं, तो सरदार पटेल का मैं धन्यवाद करना चाहता हूं। सरदार पटेल के अथक परिश्रम के कारण देश आज एकजुट होकर दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा है।'



**'हमारा लोकतंत्र आज पाताल तक गहरा'**

शाह ने कहा, 'जो कहते थे कि इस देश में लोकतंत्र सफल नहीं होगा। मैं उन सभी लोगों को सदन के माध्यम से कहना चाहता हूं कि 75 साल हो गए, हमारे पास-पड़ोस और दुनियाभर में लोकतंत्र सफल नहीं हुए। लेकिन हमारा लोकतंत्र आज पाताल तक गहरा है।

## अंतर्मना उवाच



अंतर्मना गुरुदेव ससंघ का निरंतर अष्टापद बद्रीनाथ धाम के लिए चल रहा पदविहार...चित्र: जबलपुर में भेड़ाघाट पर अंतर्मना।

***आत्म विश्वास ही सबसे बड़ी सुरक्षा है.. और अविश्वास सबसे बड़ी असुरक्षा..!***

*इस एहसास को अपने जहन में भर लें कि हम अकेले आये हैं और अकेले ही जायेंगे।* ***आपकी ज़िन्दगी ही आपका सफर है, यदि इस सफर में आप अपनों के साथ चलने की उम्मीद करते हैं या रखते हैं, तो आप सफल यात्री नहीं है।*** *अपने मन से इस गलतफ़हमी को दूर करना होगा कि आपकी कोई मदद करेगा।*

*यह कड़वा सच है कि आपकी खुशी में किसी का कोई भी योगदान नहीं है, वनस्पत खुद के।* ***जो भी सुख-दु:ख मिल रहा है, खुशी-आंसू मिल रहे हैं, अपने - पराये हो रहे हैं, वो सब आपके ही कारण से हो रहे हैं।*** *इसलिए हम जितना बिन अपेक्षा का जीवन जीयेंगे, उतना ही सुख शांति से समृद्ध होंगे।* ***ये दुनिया आप पर कभी भरोसा करने वाली नहीं है और यदि भरोसा कर भी लेगी तो उससे जल्दी भरोसा तोड़ भी देगी।*** *इसलिए उनके भरोसे और अपनों के भरोसे अपना अच्छा खासा जीवन खराब मत करो।*

***खुद का भरोसा इस जीवन से पार लगायेगा अन्यथा आपके अपने लोग ना जीने देंगे ना मरने...!!!***

■**अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज**

## मुख्यमंत्री, मंत्री और अफसरों की हवाई यात्राओं पर 32 करोड़ खर्च, 5 कंपनियों को करोड़ों का भुगतान

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री, मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की हवाई यात्राओं पर सरकार ने भारी-भरकम खर्च किया है। दिसंबर 2023 से अब तक हवाई यात्राओं पर कुल 32 करोड़ 85 लाख रुपये से अधिक की राशि खर्च की गई। इन यात्राओं में शासकीय विमानों और हेलीकॉप्टरों के साथ-साथ निजी कंपनियों के विमानों और हेलीकॉप्टरों का भी इस्तेमाल किया गया। विधानसभा में कांग्रेस विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जवाब में बताया कि कुल 666 हवाई यात्राएं की गईं, जिनमें से 428 यात्राएं निजी विमानों और हेलीकॉप्टरों से और 238 यात्राएं शासकीय विमानों और हेलीकॉप्टरों से की गईं। इस पर 32 करोड़ 85 लाख 2 हजार 90 रुपये खर्च किए गए। सभी यात्राएं शासकीय प्रयोजन से की गई हैं।



**दो निजी कंपनी की सेवा का अधिक उपयोग**

सरकार ने हवाई सेवाओं के लिए पांच निजी कंपनियों को अनुबंधित किया, जिनमें से दो कंपनियों को सबसे अधिक उपयोग किया गया। इनमें एरो एयरक्रॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड और यूनिवर्सिल एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड है। जानकारी के अनुसार एरो एयरक्राफ्ट प्राइवेट लिमिटेड से 395.16 घंटे उड़ान भरी गई। इसके लिए उसे 16.32 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। वहीं, यूनिवर्सल एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से 219.1 घंटे उड़ान भरे गई। इसके लिए 11.75 करोड़ रुपये भुगतान किया गया है। सारथी एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड से 122.2 घंटे उड़ान भरी गई, उसे 4.21 करोड़ रुपये भुगतान किया गया।

## भारत की जीवनशैली दुनिया के सामने पेश करने की जरूरत

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को भारत की जीवनशैली को दुनिया के सामने पेश करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की यह प्रमुख जिम्मेदारी है कि वह अपनी शानदार जीवनशैली को दुनिया के सामने पेश करे, ताकि अन्य लोग भी सुख और समृद्धि प्राप्त कर सकें। बता दें कि पुणे के पास पिंपरी चिंचवाड़ के औद्योगिक क्षेत्र में मोरया गोसावी संजीवन समाधि समारोह के उद्घाटन के दौरान उन्होंने भारतीय लोकाचार पर भी बात की। जहां उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति का सार सबकी भलाई में निहित है।



## कांग्रेस विधायक ने नामांकन में छिपाया 50 लाख का लोन:हाईकोर्ट ने माना सही

**आरिफ मसूद की विधायकी रहेगी या नहीं, 3 जनवरी को पता चलेगा**

**जबलपुर ■ एजेंसी**

भोपाल से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद पर विधानसभा चुनाव में भरे गए नामांकन पत्र में 50 लाख रुपए के लोन को छिपाने का आरोप है। सुनवाई के दौरान मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने भी माना कि उन्होंने लोन की जानकारी छिपाई। जिसके बाद उनकी विधायकी खतरे में है। हाईकोर्ट में अब अगली सुनवाई 3 जनवरी को होगी। इस दिन पता चलेगा कि उनकी विधायकी रहेगी या नहीं।



दरअसल, कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने हाईकोर्ट में भाजपा प्रत्याशी ध्रुव नारायण की याचिका को निरस्त करने के लिए आवेदन लगाया था, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। इस फैसले को चुनौती देते हुए आरिफ मसूद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की और दावा किया कि जो दस्तावेज पेश किए गए हैं, वे फर्जी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने साक्ष्य के आधार पर फिर से हाईकोर्ट को मामले की सुनवाई के निर्देश दिए थे। मंगलवार को जस्टिस विवेक अग्रवाल की कोर्ट ने ध्रुव नारायण की याचिका पर अंतिम तर्क सुनने के बाद माना कि एसबीआई बैंक, भोपाल से लोन के लिए पेश किए गए दस्तावेज सत्य और बैंक अधिकारी द्वारा अधिकृत हैं। कोर्ट ने यह भी माना कि आरिफ मसूद ने चुनाव के दौरान इस लोन की जानकारी छिपाई थी।

## मध्यप्रदेश के वन, वनोपज और वन्य-प्राणी प्रदेश की पहचान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# मध्यप्रदेश वन संपदा की दृष्टि से समृद्ध राज्य : राज्यपाल पटेल

***भोपाल ■ प्रतिनिधि***

*राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि मध्यप्रदेश वन संपदा की दृष्टि से समृद्ध राज्य है। यहां पर औषधीय जड़ी-बूटियों का समृद्ध भंडार है। कोविड महामारी ने विश्व को आयुर्वेद के महत्व से पुन: परिचित कराया है। उन्होंने महामारी के दौरान मरीजों के ईलाज के लिए आयुर्वेदिक काढ़ा वितरण कार्य के लिए प्रदेश सरकार की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि वन मेले का आयोजन, वन संसाधनों की महत्ता, उनके संरक्षण और संवर्धन की जागरूकता प्रसार की दिशा में सुखद संकेत है। राज्यपाल श्री पटेल 10वें अंतर्राष्ट्रीय वन मेले के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।*



*राज्यपाल श्री पटेल ने शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ हितग्राहियों को लघु वनोपज संघ अंतर्गत प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि का वितरण किया। वन एवं राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ द्वारा 10वां अंतर्राष्ट्रीय वन मेले का लाल परेड ग्राउंड भोपाल में 17 से 23 दिसंबर तक आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की।*

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का अपना महत्व है, लेकिन वनों से प्राप्त औषधियों की विशेष उपयोगिता है। कोरोना के कठिन समय में आयुर्वेद ने लोगों के जीवन बचाने में मदद की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा दिया है। अब चिकित्सा जगत में फिर से आयुष का महत्व बढ़ा है। वन मेले जैसे आयोजन इस नाते बहुत महत्व रखते हैं। वास्तव में यह अंतर्राष्ट्रीय वन मेला अनोखा है।*

## मप्र के 27 वकील बने सीनियर एडवोकेट

जबलपुर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने 27 अधिवक्ताओं को वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामांकित किया गया है। सीनियर एडवोकेट बनने के लिए कुल 48 वकीलों ने आवेदन किए थे। आवेदन उपरांत पांच दिसंबर को साक्षात्कार हुआ, जिसके बाद 27 लोगों को सीनियर एडवोकेट नामांकित किया गया था। उसके बाद मंगलवार को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल धर्ममिंदर सिंह ने उक्त नामों की अधिसूचना जारी की, जिनमें अधिवक्ता आदित्य संघी, अमित सेठ, अंजली बैनर्जी, अर्पण पवार, अशोक लालवानी, हरप्रीत सिंह रूपराह, जितेन्द्र कुमार शर्मा, मनोज मुंशी, मोहम्मद अली, नरिंदर पाल सिंह रूपराह, प्रहलाद चौधरी, प्रकाश उपाध्याय, पुष्पेन्द्र यादव, राधेलाल गुप्ता, रजनीश कुमार, रामेश्वर पी सिंह ठाकुर, शशांक वर्मा, शेखर शर्मा, सिद्धार्थ गुलाटी, सुधा श्रीवास्तव, सुनील गुप्ता, उदयन तिवारी, वीरेन्द्र शर्मा, विशाल बाहेती, विवेक खेडकर, विवेक खेडक़र व विवेक सिंह को सीनियर एडवोकेट मनोनीत किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

## कलेक्टर सिंह ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**खण्डवा।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की शासकीय कार्यालयों से संबंधित समस्याओं का निराकरण अधिकारियों द्वारा किया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्याओं के आवेदन लेकर आए विभिन्न नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर श्री के.आर. बड़ोले, श्री अरविंद कुमार चौहान, संयुक्त कलेक्टर श्री एस.आर. सोलंकी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद थे।

## देव कुशवाहा ने मप्र की बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया

**सोहागपुर।** जबलपुर में आयोजित मिस्टर एमपी बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में सोहागपुर के बॉडी



बिल्डर देव पिता धर्मेन्द्र कुशवाह निवासी गौतम वर्ल्ड मरूपुरा ने तीसरा स्थान प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया है। इस सिलसिले में मप्र बॉडी बिल्डंग एसोसिएशन और जबलपुर बाडी बिल्डिंग एसोसिएशन द्वारा उन्हें विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। देव कुशवाह के मुताबिक उनके वेट ग्रुप में काफी कड़ा मुकाबला था। देव कुशवाहा की इस उपलब्धि पर नगर के खेल प्रेमियों और पहलवानों ने शुभकामनाएं और बधाइया दी है।

## आयुष्मान भारत योजना के तहत आकाश पठारे को मिली नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा

**खण्डवा।** आकाश पठारे पिता कैलाश पठारे निवासी ग्राम अत्तर जिला खंडवा का स्वास्थ्य खराब होने पर इंदौर में नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. निशा तिवारी को दिखाया। मरीज की सभी जांच करने के पश्चात डॉ. तिवारी द्वारा बताया गया कि किडनी खराब हो चुकी है। डायलिसिस करना पड़ेगा, जिस पर डॉक्टर द्वारा फिस्टुला डालकर मेडिसिन देकर ट्रीटमेंट चालू कर दिया गया। आकाश पठारे ने बताया कि इंदौर जाने आने में परेशानी होती थी साथ ही उनके घरवाले भी परेशान होते थे। उनके पश्चात पठारे को जानकारी मिली की खंडवा में ही डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध है तो उन्होंने श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा में डॉ. पंकज जैन से परामर्श किया। डॉ. पंकज जैन द्वारा कहा गया कि जिला चिकित्सालय में डायलिसिस की सुविधा नि :शुल्क उपलब्ध है, किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने देंगे। आकाश पठारे को डायलिसिस की सुविधा जिला चिकित्सालय खंडवा में नि :शुल्क मिल रही है।

### ग्वालियर में देवरानी-जेठानी से ठगे गहने, एफआईआर

# सड़क पर झांसी जाने का पता पूछा, फिर नोटों की गड्डी दिखाकर उतरवा ले गए जेवरात

**ग्वालियर ■ निसं**

ग्वालियर में पता पूछकर ठगने करने वाली गैंग एक बार फिर सक्रिय हो गई है। गैंग ने इस बार बाजार जा रही जेवरानी-जेठानी को टारगेट किया है। सड़क पर दो युवकों ने झांसी जाने का रास्ता पूछा फिर गहनों के बदले दो गुना नोटों की गड्डी दिखाकर महिलाओं को जाल में फंसाया। इसके बाद दोनों युवक महिलाओं से उनके गहने लेकर नोटों की गड्डी थमाकर चले गए।

युवकों के जाने के बाद जब महिलाओं ने नोटों की गड्डी देखी तो ऊपर का एक नोट असली निकला, बाकी सारे नोट रद्दी निकले। घटना सोमवार शाम तानसेन मकबरा वाली गली ग्वालियर की है। घटना के बाद महिलाओं ने शोर भी मचाया, लेकिन जब तक कोई मदद के लिए आता, ठग वहां से भाग चुके थे। पुलिस ने मंगलवार को इस मामले में जांच कर रही है।

ग्वालियर के चार शहर का नाका, इंद्रा नगर निवासी गुड़िया पत्नी सोनपाल तोमर



गृहिणी है। दो दिन पहले वह अपनी देवरानी लक्ष्मी तोमर के साथ बाजार में खरीदारी के लिए जा रही थीं। अभी वह चार शहर का नाका इलाके में पहुंची ही थी कि तभी दो युवक उनके पास आए और झांसी जाने का रास्ता पूछा तो उन्होंने रास्ता पता नहीं होने की बात कही।

इसके बाद दोनों युवक उनके आगे-आगे चलने लगे। जैसे ही वह तानसेन मकबरा के पास पहुंची तो दोनों युवक फिर उनके पास आए और बताया कि उनके मालिक ने उन्हें काम से निकाल दिया है। वह भूखे हैं, इसके बाद वह बातों में उलझाकर दोनों महिलाओं को तानसेन मकबरा के पास वाली गली में ले गए।

### नोटों की गड्डी दिखाकर ठगे गहने

दोनों महिलाएं जब युवकों से कुछ देर बात करती रहीं तो उनकी बातों में उलझ गईं। इसके बाद दोनों लड़कों ने बताया कि उनके पास नोटों की गड्डी है, जो वह अपने मकान मालिक की दुकान से उठा लाए थे। वह उनका गोल्ड दोगुना से ज्यादा कीमत पर खरीद सकते हैं। इसके बाद पता नहीं युवकों ने क्या किया कि नोटों की गड्डी के बदले जेठानी (गुडिया) ने अपने मंगलसूत्र, ओम का पेंडल, कान के टॉप्स और उसकी देवरानी लक्ष्मी ने ओम का पेंडल, कान के टॉप्स उतारकर दे दिए। इसके बाद दोनों लड़के चले गए।

**नोटों की गड्डी निकली रद्दी, शोर मचाया:** दोनों लड़कों के जाने के बाद महिलाओं ने थैले में रखी नोटों की गड्डी खोलकर चेक किए तो उनके पैरों तले जमीन निकल गई, क्योंकि नोटों की गड्डी में ऊपर सिर्फ एक-एक पांच सौ रुपए का नोट लगा था और नीचे सिर्फ कागज लगे थे। इसके बाद उनको समझते देर नहीं लगी कि वह ठग चुकी हैं।

मामले का पता चलते ही पीड़ित देवरानी और जेठानी ने शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। महिलाओं के साथ घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गुडिया की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

**ऐसा है ठगों का हुलिया:** ठगी की शिकार महिलाओं ने बताया कि, एक बदमाश की उम्र करीब 35 साल थी और उसने चौखाने की शर्ट पहनी हुई थी और दूसरे की उम्र करीब 25 साल थी। उसने सफेद शर्ट पहनी हुई थी। दोनों हुलिया से शहर के ही लग रहे थे।

**पहले भी घटी है घटना:** यह ठगी का पहला मामला नहीं है। पिछले महीने ही कंपू, माधौगंज व कोतवाली इलाके में इस तरह की तीन वारदात हो चुकी हैं। उस समय वारदात करने के बाद ठग खामोश हो गए थे। पर एक बार फिर शहर में उन्होंने हलचल मचा दी है।

## निशुल्क नेत्र परिक्षण शिविर में 37 चिन्हित को आपरेशन के लिए भेजा



**माखननगर ■ निसं**

स्थानीय गायत्री साधना स्थल मैं निशुल्क नेत्र परिक्षण शिविर आयोजित किया गया । जिसमें 50 लोगों ने अपना पंजीयन कराया। नेत्र परिक्षण मैं 37 नेत्र रोगियों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर उन्हें बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ नेत्र चिकित्सालय भेजा गया।

इस अवसर पर लायन क्लब अध्यक्ष संजय वर्मा, पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत, समाजसेवी अज्जू गोलछा, अतुल कुमार पटेल, शुभम सराठे, सौरभ डोगरे, अमरचंद आदि ने शिविर के दौरान सेवाकार्य किया।

### मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान

## छैगांवमाखन माइक्रो उद्धवहन सिंचाई परियोजना से 73 गांव हो रहे लाभांवित

**खंडवा ■ निसं**

प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस अभियान का लक्ष्य चार आधारभूत स्तम्भ युवा, नारी, किसानों और गरीबों को फोकस करते हुए कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्धारित लक्ष्यों में जिले ने पिछले एक वर्ष में बेमिसाल उपलब्धि हासिल की है। जिले में कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में छैगांवमाखन माइक्रो उद्धवहन सिंचाई परियोजना संचालित की जा रही है।

कार्य पालन यंत्री नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण ने बताया कि छैगांवमाखन माइक्रो उद्धवहन सिंचाई परियोजना से छैगांवमाखन विकास खण्ड एवं खण्डवा विकास खण्ड के कुल 73 ग्रामों के लगभग 25980 कृषकों को सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराया जा रहा हैं। किसानों को सिचांई हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी मिलने पर उनका फसल उत्पादन बढ़ा है एवं उनकी आय में वृद्धि हुई हैं, जिससे उनके जीवन में सुधार आया है। कार्य पालन यंत्री नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण ने बताया कि इस परियोजना के बन जाने से कृषकों को सिंचाई के लिए पूर्व से निर्मित संसाधनों जैसे नलकूप, कुंआ इत्यादि के जल स्तर में वृद्धि हुई। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से जिले के विकास में भागीदारी सुदृढ़ हुई।

लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि जिले में दिसम्बर 2023 से दिसम्बर 2024 तक 174.26 करोड़ रूपये लागत के कुल 8 पुलों का कार्य प्रगति पर है, जिसमें 9.64 करोड़ रूपये व्यय हुआ है। उन्होंने बताया कि संत सिंगाजी समाधी स्थल पर अतिरिक्त रेम्प का कार्य प्रारंभ किया गया। अगले 5 वर्ष में प्रगतिरत 8 पुल जिसकी लागत 174.26 करोड़ रूपये एवं नवीन प्रस्तावित 3 पुल जिसकी लागत 22.15 करोड़ रूपये को पूर्ण करने का लक्ष्य है।

### योगगुरु ने पेंशनरों से योग क्लास प्रारंभ करने की अपील की

# पेंशनरों ने पेंशनर दिवस पर योगगुरु स्वामी परमार्थ देव से की मुलाकात

**सिवनी मालवा ■ निसं**

17 दिसंबर पेंशनर दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सिवनी मालवा के मध्य प्रदेश राज्य अधिकारी, कर्मचारी पेंशनर महासंघ के पदाधिकारी और सदस्यों ने श्रीराम जानकी राधाकृष्ण मंदिर में पतंजली योगपीठ हरिद्वार से पधारे योग गुरु डॉ.स्वामी परमार्थ देव से मुलाकात कर पेंशनर दिवस मनाया। इस अवसर पर स्वामी परमार्थ देव ने सभी के स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए वरिष्ठजनों से कहां की अब आप अपनी सभी जवाबदारियों से पूर्णतया निवृत्त हो चुके हैं। इसलिए अपने आप को स्वस्थ रखें और समाज का मार्गदर्शन करें।

मेरा आप सभी से आग्रह है कि आप सब योग, प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। श्रीराम जानकी राधा कृष्ण मंदिर में शीघ्र ही योग क्लास शुरू करें। जिससे पूरे समाज और आने वाली पीढ़ी को आप सभी का मार्गदर्शन मिल



सके। इस दौरान योग क्लास शुरू करने के लिए मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी पंडित अवधेश तिवारी कक्काजी ने भी अनुमति दी। इस अवसर पर पेंशनर अध्यक्ष हरिशंकर गौर, के.के. मालवीय, रामनाथ कौशल, रामविलास लौवंशी, दिलीप साठे, संतोष गुरु आदि पेंशनर संघ के सदस्य शामिल थे।

### अनुपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का 7-7 दिवस का मानदेय कटोत्रा

**खण्डवा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना छैगांवमाखन के परियोजना अधिकारी श्री नन्दराम चौहान द्वारा सोमवार को आंगनवाड़ी केन्द्र टिटगांव, मोघट एवं खरकली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। तीनों आंगनवाड़ी केन्द्र समयपूर्व बंद पायी गयी। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र टिटगांव की कार्यकर्ता श्रीमति बबीता जायसवाल एवं सहायिका एंजिला बॉहों, मोघट की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति रेखा कश्यप एवं सहायिका मंजुला तोमर एवं ग्राम खरकली की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति सकीना खान एवं सहायिका मेहमुदा बी आंगनवाड़ी केन्द्र से अनुपस्थित पायी गयी। संबंधित आंगनवाड़ी केन्द्रों की कार्यकर्ताएं एवं सहायिकाएं निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये जाने पर परियोजना अधिकारी द्वारा कारण बताओं सूचना पत्र जारी कर 7-7 दिवस का मानदेय कटोत्रा एवं सैक्टर पर्यवेक्षक को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया।

### मानव जीवन में पहला सुख निरोगी काया

## योग, प्राणायाम को अपनी दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाएं - स्वामी परमार्थ देव



**सिवनी मालवा ■ निसं**

योग आज दुनिया भर में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। योग एकमात्र ऐसी गारंटी है जो पूरी मानवीय संरचना को स्वस्थ रखता है। ऊर्जा, शांति देता है और आध्यात्मिकता से जोड़ता है। इसलिए योग प्राणायाम को सभी लोग अपनी दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाएं।

उक्त बात स्थानीय टैगोर पब्लिक स्कूल प्रांगण में पतंजली योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में चल रहें 3 दिवसीय नि:शुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर के दूसरे दिन योगाचार्य डॉ.स्वामी परमार्थ देव ने योगसाधकों से कहीं। उन्होंने कहा कि योग एकमात्र ऐसा तरीका है। जिससे आप शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक ग्रोथ की ओर बढ़ सकते हैं। अपने शरीर व व्यक्तित्व को प्रखार कर सकते हैं। योग प्राणायाम से निर्णय लेने की क्षमता का विकास कर सकते हैं। इस तरह योग प्राणायाम एक संपूर्ण पैकेज है। इसलिए कहा गया है कि पहला सुख निरोगी काया यानी अगर हमारा शरीर स्वस्थ है तो जीवन का आनंद दिया जा सकता है। इसलिए आज भारत में ही नहीं संपूर्ण विश्व में योग लोगों की दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल हो रहा है। क्योंकि आज की जीवन शैली, खानपान से कई बीमारियों का जन्म हो रहा है। जैसे हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक डायबिटीज, थायराइड, शुगर के मामले भारत में भी अत्यधिक बढ़ रहे हैं।

स्वामी परमार्थ देव ने लोगों से अपने परिवार के साथ हर दिन सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार अनिवार्य रूप से करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 18 दिसंबर बुधवार को योग शिविर का अंतिम दिन है। जिसमें सिवनी मालवा और आसपास के अधिक से अधिक योगसाधक कार्यक्रम में शामिल हो ऐसी हमारी अपेक्षा है।

## संस्कृति ज्ञान महोत्सव में पुरस्कृत हुए भैया बहन



**सोहागपुर ■ निसं**

अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान महोत्सव के अंतर्गत भैया बहनों एवं आचार्य दीदीयो के बीच प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में भैया बहनों एवं आचार्य दीदियों को भी पुरस्कृत किया जा रहा है।

विदित हो कि सरस्वती शिशु मंदिर में अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव के अंतर्गत विद्यालय के भैया बहनों एवं सम विचारी विद्यालयों के छात्र छात्राओं के लिए भी व्यापक स्तर पर सम्पर्क करके परीक्षा में सम्मिलित किया जाता है। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार दुबे के निर्देशन में परीक्षा की तैयारी हेतु रणनीति बनाई गई है जिसमें अधिक से अधिक भैया बहनों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। यह परीक्षा विद्याभारती की योजना से प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है तथा सभी सहभागी छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए जाते रहें हैं।

# शहर में जारी मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान, खोजे जा रहे पात्र हितग्राही

**सोहागपुर ■ निसं**

शहर में सरकारी जनहितकारी योजनाओं के नए हितग्राहियों की खोज के लिए मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान जारी है। 11 दिसंबर से शुरू हुआ अभियान 26 जनवरी 2025 को हितलाभ वितरण के साथ समाप्त होगा।

नगर परिषद सीएमओ राकेश मिश्रा ने बताया कि शहरी वार्डों में वार्ड प्रभारियों द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान की चिन्हित योजनाओं के नए हितग्राही खोजे जा रहे हैं। भारत सरकार और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओ में शत प्रतिशत सैचुरेशन के लिए मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान 11 दिसंबर से 24 से शुरू किया गया है। जिला कलेक्टर



अभियान की प्रभारी हैं।

जिला प्रभारी मंत्री के मार्गदर्शन में अभियान की रूपरेखा तैयार की गई है। संजय परसाई ने बताया कि चिन्हित योजनाओं के हितग्राहियों की खोज के लिए 19 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 तक शहर के 15 वार्डों में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों से नए हितग्राहियों से आवेदन लिए जाएंगे। शिविरों के दौरान शेष पात्र आवेदकों को संबंधित योजना के हितलाभ गणतंत्र दिवस की ग्राम सभा में दिए जाएंगे।

### शहर में इन योजनाओं पर काम

शहर में 13 योजनाओं पर काम किया जाएगा। जिसमें पीएम स्वनिधि योजना, नवीन नल कनेक्शन देना, हैंडपंप व ट्यूबवेल सुधार, भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र, फायर एनओसी अस्थायी व नवीनीकरण, ट्रेड लाइसेंस, विकास अनुज्ञा, अविवादित संपत्ति का हस्तांतरण व नामांतरण, अविवादित संपत्ति का हस्तांतरण क्रेता विक्रेता के मध्य आपसी विलेखय उपरांत, भवन निर्माण स्वीकृति, नोड्यूज़ प्रमाण पत्र, नवीन सीवर कनेक्शन देना तथा भवन अनुज्ञा की एनओसी सम्मिलित हैं।

### महापौर की अध्यक्षता में आयोजित एम आई सी में बैठक में 19 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई

# बस स्टैंड के सामने फूल बाजार हॉकर्स जोन अब महर्षि वाल्मीकि के नाम से जाना जाएगा

**खंडवा ■ निसं**

नगर के विकास को लेकर मंगलवार को दोपहर में महापौर कक्ष में महापौर अमृता अमर यादव की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की बैठक में एजेंडे में शामिल 19 विषयों को स्वीकृति प्रदान की गई, महत्वपूर्ण रूप से शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात को सुगम बनाने एवं बढ़ते अतिक्रमण को रोकने को लेकर स्ट्रीट वेंडर एक्ट और नगर निगम एक्ट के अधिकारों का उपयोग करते हुए शहर के कई विभिन्न मार्गों पर नो स्ट्रीट वेंडर जोन, नो हाकर जोन साप्ताहिक बाजार हेतु अनुमति और प्रतिबंध के प्रस्ताव रेड,यलो ओर ग्रीन जोन बनाए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी



प्रदान की गई, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि आयोजित बैठक में सभी विषयों पर चर्चा के पश्चात प्रस्तावो को स्वीकृति प्रदान की गई, जिसमें एम.आई.सी. द्वारा पूर्व में दिए गए निर्णय के पालन हेतु शहरी सीमा बढ़ाने जाने के लिए टी एंड सी पी से जानकारी लेकर प्रस्ताव, जलकार्य शाखा की बिल्डिंग को रिडेन्सीफिकेशन प्रोसेस से हटाने का प्रस्ताव तथा निगम द्वारा स्वयं उसके निर्माण का प्रस्ताव, वर्तमान आयुक्त निवास के स्थान पर आवासीय बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स बनाये जाने के प्रस्ताव ।वर्तमान आयुक्त निवास के पीछे निगम स्वामित्व की भूमि पर गोडाउन बनाये जाने का प्रस्ताव, स्टेडियम के पीछे आवंटित की गई भूमि पर नवीन आयुक्त निवास निर्माण का प्रस्ताव राजमाता सिंधिया काम्प्लेक्स में एक और फ्लोर निर्माण के संबंध में प्रस्ताव, पुरानी बैंक ऑफ इंडिया बिल्डिग विक्रय हेतु नवीन आधार मूल्य की गणना का प्रस्ताव, स्वच्छ भारत मिशन-मध्यप्रदेश (शहरी) अंतर्गत ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन हेतु विशेष रूप से घर-घर कचरा एकत्र करने की प्रक्रिया को उन्नत करने के लिए शासन द्वारा दिये गये अनुदान एवं निगम अंश से अठाईस (28) नग ष्टह्त्त घर-घर कचरा संग्रहण वाहन कय किये जाने हेतु जारी की गई ई-निविदा कमांक/यां. प्र./2024/255, खण्डवा, 14.11.2024 आई.डी. क्रमांक 2024_UAD_382446_1 में निविदाकार HIND TRADING COMPANY. MANDSAUR द्वारा प्रस्तुत न्यूनतम दर राशि रूपया 2,32,25,972/ (रूपया दो करोड़ बत्तीस लाख पच्चीस हजार नौ सौ बहत्तर मात्र) की वित्तीय, प्रशासकीय एवं सक्षम स्वीकृति, स्वच्छ भारत मिशन-मध्यप्रदेश (शहरी) अंतर्गत ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन हेतु, विशेष रूप से घर-घर कचरा एकत्र करने की प्रक्रिया को उन्नत करने के लिए PRIMARY WASTE COLLECTION FROM HOUSE TO HOUSE AND TRANS-PORTATION WORK की तैयार की गई कार्य योजना अनुसार प्रक्रिया तथा शहर में शत् प्रतिशत कचरा संग्रहण किया गया।

### जनसुनवाई में नागरिकों ने दिए आठ आवेदन

## ग्रापं सरपंच ने जन सुनवाई में की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत

**सोहागपुर ■ निसं**

शासन की सामूहिक जन सुनवाई का आयोजन जपं परिसर में मंगलवार को किया गया। जिसमें नागरिकों ने आठ आवेदन विभिन्न समस्याओं को लेकर दिए हैं।

प्रोसीडिंग प्रभारी से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्रापं नगतरा सरपंच नन्हूलाल पटेल ने आवेदन दिया है कि गूजरखापा में रेवा बनखेड़ी रोड के पास शासकीय भूमि पर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा किया है और कब्जाधारी मौखिक सौदे कर रहे हैं, जिसकी शिकायत पहले भी की जा चुकी है। अन्य आवेदक शिवसिंह बेलवंशी ग्राम नगतरा ने खेत के रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत की है। लता मेहरा पलाश परिसर सोहागपुर ने मड़काढाना ग्राम स्थित उनकी कृषि भूमि में किसी राजेश द्वारा तार फेंसिंग तोड़कर अतिक्रमण करने की शिकायत की है। दीनदयाल चौधरी ने शिकायत की है कि उनकी नवजात पुत्री की मृत्यु चिकित्सक द्वारा गलत तरीके से किए गए इलाज के कारण हो गई है। शहर निवासी जगदीश रघुवंशी ने नए बस स्टैंड स्थित उनकी दुकान के पीछे किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। नीलेश विश्वकर्मा ने आवेदन में उल्लेख किया है कि नए बस स्टैंड स्थित उनकी दुकान के सामने अस्थाई दुकान होने के कारण रेवा बनखेड़ी रोड की ओर शटर लगाने की अनुमति मांगी थी।




**भोपाल।** भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित 10वें अंतर्राष्ट्रीय वन मेले का मंगलवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उद्घाटन किया।

### महिला बाल विकास मंत्री ने विधानसभा में दी जानकारी

# मप्र में 5 लाख से ज्यादा बच्चे कुपोषित

भोपाल ■ निसं

देश में महंगाई के दौर में 5 रुपये के बिस्किट से लोगों का सुबह का नाश्ता नहीं होता, तो वहीं मध्य प्रदेश में 4 रुपये में कुपोषित बच्चों का कुपोषण दूर करने का दावा सरकार की तरफ से किया जा रहा है, लेकिन कुपोषित बच्चों के आंकड़े देखेंगे तो समझ आएगा की ये ऊंट के मुहं में जीरे के बराबर है। मप्र विधानसभा में कांग्रेस विधायक के सवाल पर महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने बताया कि अति कुपोषित बच्चों के लिए मुख्यमंत्री बाल संवर्धन योजना चल रही है। इसके तहत ही राशि दी जा रही है। मंत्री ने यह भी बताया कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण भोजन के लिए चार रुपए का खर्च किया जा रहा है। जबकि दूसरे सवाल में मंत्री ने बताया कि 5 लाख 41 हजार से अधिक बच्चे कुपोषित है।



**कांग्रेस ने पूछे ये सवाल:** जोबट से कांग्रेस विधायक सेना पटेल का कहना है कि मंत्री ने यह नहीं बताया कि बच्चों को गुणवत्ताहीन भोजन दिया जा रहा है और मेन्यू के हिसाब से भोजन मिल रहा है। भला 4 रुपए में बच्चों का पेट कैसे भरेगा और बच्चे को पोषण से कैसे मुक्त होंगे यह बड़ा सवाल है।

**कुपोषण दूर करने का सरकार के पास मेन्यू:** सरकार ने सदन में जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को मीठी लापसी नाश्ते पर दी जाती है। दोपहर के भोजन में रोटी, सब्जी, दाल परोसा जाता है। वहीं मंगलवार को पौष्टिक खिचड़ी और दोपहर के भोजन में खीर, पूड़ी, आलू मटर की सब्जी होती है।

#### कुपोषण दूर करने का काम कर रही सरकार

कुपोषण के मामले में मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि यह मध्य प्रदेश की समस्या नहीं बल्कि विदेशों में भी यही समस्या है, लेकिन मध्य प्रदेश की सरकार कुपोषण दूर करने का काम कर रही है। महिला बाल विकास से जुड़े हुए एक और सवाल पर मंत्री ने जवाब दिया कि मध्य प्रदेश में करीब 34000 से अधिक आंगनबाड़ी किराए पर चल रही है। इसके अलावा 4044 से अधिक जर्जर स्थिति में है। हालांकि किराए का सवाल आया तो मंत्री ने बताया कि सरकारी स्कूल और अन्य भवनों में आंगनबाड़ी संचालित किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश में पाठ्य पुस्तक स्थायी समिति का गठन, स्कूल शिक्षा विभाग ने अधिसूचना की जारी

**भोपाल।** प्रदेश में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल और माध्यमिक शिक्षा से जुड़ी पाठ्य पुस्तकों के पाठ्यक्रम तैयार करने के लिये स्थायी समिति का गठन किया गया है। इस संबंध में विभाग ने 13 दिसम्बर 2024 को अधिसूचना जारी की है। गठित समिति का कार्यकाल 3 वर्ष का रहेगा। गठित समिति का अध्यक्ष डॉ. अलकेश चतुर्वेदी को बनाया गया है। अन्य सदस्यों में डॉ. भागीरथ कुमरावत, डॉ. बलराम परमार, डॉ. रविन्द्र सोहोनी, डॉ. अनुपम जैन, डॉ. प्रेमलता नीलम, राजकुमार वैद्य, शिरोमणी दुबे, डॉ. आशीष भारती, डॉ. विनय सिंह चौहान और राजेश तिवारी को शामिल किया गया है। समिति में शासकीय सदस्यों के रूप में संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र, आयुक्त लोक शिक्षण, सचिव मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम को मनोनीत किया गया है। संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद भोपाल समिति के सदस्य सचिव होंगे।

### हमीदिया अस्पताल के वार्ड बॉय-टेक्नीशियन की हड़ताल

**भोपाल।** भोपाल के हमीदिया अस्पताल में वार्ड बॉय, कंप्यूटर ऑपरेटर और हाउस कीपिंग स्टाफ सोमवार को सुबह से हड़ताल पर रहे। दरअसल, हफ्ते भर पहले 10 दिसंबर को 500 से अधिक वार्ड बॉय और टेक्नीशियन हड़ताल पर थे। सुबह 7 बजे से सभी कर्मचारी अस्पताल के सामने धरने पर बैठे थे। हड़ताल पर बैठे वार्ड बॉय ने बताया था कि हमने डीन मैडम से मुलाकात की है। उन्होंने शुक्रवार तक सैलरी और बोनस देने का आश्वासन दिया है। अगर शुक्रवार तक हमारी सैलरी नहीं आई तो हम लोग सोमवार को फिर से हड़ताल करेंगे। ऐसे में कर्मचारियों द्वारा पहली हड़ताल में दी गई डेडलाइन खत्म हो गई है। बता दें, हमीदिया अस्पताल में रोज 2500 से अधिक की ओपीडी रहती है। वहीं, 60 से अधिक ऑपरेशन होते हैं। हड़ताल के कारण इन सेवाओं पर असर पड़ सकता है। कर्मचारियों का कहना है कि दिवाली के समय तीन महीने की सैलरी बड़ी मुश्किल से दी गई थी। अब फिर से दो महीने का वेतन रोक दिया गया है। महंगाई के इस दौर में वैसे भी 8 हजार रुपए महीना मानदेय दिया जा रहा है। इसमें भुगतान में देरी हो रही है।

### अब कम होगी ठंड, एक सप्ताह के बाद फिर से दिखेंगे तेवर

**भोपाल।** दिसंबर के महीने में मौसम के मिजाज में बदलाव देखा जा रहा है। सोमवार को अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से 2 डिग्री अधिक रहा। सुबह के समय मौसम काफी ठंडा था, लेकिन दिन चढ़ने के साथ धूप तेज होती गई। खासतौर पर दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में तीखापन महसूस किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान लगातार छठी रात 10 डिग्री से कम रहा। रविवार रात को पारा 9.6 डिग्री पर पहुंच गया, जो सामान्य से 1 डिग्री कम था। मौसम विभाग का कहना है कि कंपकंपाने वाली सर्दी से फिलहाल तीन-चार दिन तक राहत मिलेगी, क्योंकि न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ऊपर रहने की संभावना है। हालांकि, दिसंबर के अंतिम सप्ताह में ठंड का असर फिर से बढ़ सकता है और सर्दी अपना प्रभाव दिखा सकती है। ऐसे में मौसम के इस असामान्य बदलाव के बीच ठंड के बढ़ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए पहले से तैयारी करना जरूरी होगा।

### 10 नं. मार्केट में 3 दुकानों में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान

# जलती वैन में हुआ ब्लास्ट, 50 फीट तक परखच्चे उड़े

भोपाल ■ निसं

भोपाल के ऐशबाग में आज एक वैन में आग लगने के बाद ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना तेज था कि वैन के परखच्चे (टुकड़े) 50 फीट तक ऊपर उड़ गए। वहीं 30 से 40 फीट तक आग की लपटें नजर आई। इससे लोग दहशत में आ गए। हालांकि कोई जन हानि नहीं हुई है। घटना मंगलवार सुबह 11.45 बजे की है। बता दें ऐशबाग इलाके में फातमा बी की मस्जिद के पास एक वैन खड़ी थी। इसमें अज्ञात वजह से आग लग गई। धीरे-धीरे आग फैल गई। इससे वैन आग की लपटों में घिर गई। कुछ देर बाद ही वैन में ब्लास्ट हो गया।

**वैन में एलपीजी सिलेंडर लगा था:** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वैन में एलपीजी सिलेंडर लगा था। संभवतः यह एलपीजी से ही चलती होगी। आग लगने के बाद सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। इसकी आवाज से पूरा इलाका दहशत में आ गया। रहवासी मयंक यादव ने तुरंत फायर ब्रिगेड स्टेशन पर कॉल करके सूचना दी। इसके बाद बोगदा पुल से दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। ब्लास्ट के बाद भी करीब 15 मिनट तक वैन में आग लगी रही।



#### घरों पर गिरे टुकड़े, घायल कोई नहीं

जानकारी के अनुसार वैन के टुकड़े कुछ घरों पर भी गिरे, लेकिन किसी के भी घायल होने या किसी प्रकार के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई हैं।

**पहले लगा कचरे में आग लगी है, देखा तो वैन जल रही थी:** प्रत्यक्षदर्शी मयंक ने बताया- मैं छत पर घूम रहा था। तभी सामने सड़क पर कुछ जलते हुए देखा। पहले लगा कि कचरे में आग लगी होगी, लेकिन जब ध्यान से देखा तो वैन जल रही थी।

दस नंबर मार्केट के अध्यक्ष आनंद सोनी ने बताया- इस मार्केट में ही नेहरू मार्केट भी है। यहां पर एक बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर स्थित दो बुटिक और एक आयल पेंट की दुकान में भीषण आग लग गई। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट सामने आया है। जिसके चलते करीब 20 लाख रुपए का नुकसान होना सामने आया हैं।



**मुख्य गेट के बीच में लगा दिया पाइप, घूमती रही दमकल:** अध्यक्ष सोनी ने बताया कि कुछ समय पहले निगम ने मार्केट में निर्माण कराया था। इस दौरान मुख्य गेट के बीच में एक पाइप लगा दिया। जिससे बड़ी गाड़ियां अंदर नहीं जा सकती। यह मंगलवार को बड़ी मुसीबत बन गया। पाइप होने की वजह से दमकल मौके पर नहीं पहुंच पाई। करीब आधा घंटा आग बुझाने में लग गया, जबकि दमकल समय पर आ गई थी। यदि पाइप नहीं होता तो आग विकराल नहीं होती और नुकसान भी नहीं होता।

### महापौर ने साफ-सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर दिए निर्देश

# सभी क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराएं



भोपाल ■ निसं

महापौर श्रीमती मालती राय ने जोन क्र. 06 एवं 10 के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया और सकरी गलियों आदि में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सकरी गलियों सहित सभी क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

महापौर श्रीमती राय ने निर्देशित किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु निर्धारित मापदण्डो अनुसार स्वच्छता की गतिविधियां सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चैहान, महापौर परिषद के सदस्य आर.के.सिंह बघेल व श्रीमती सुषमा बाबीसा, पार्षद अरविन्द वर्मा सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

महापौर श्रीमती मालती राय ने मंगलवार को बाबा नगर, शाहपुरा, चूना भट्टी, अरेरा कालोनी ई-7, लाला लाजपत राय कालोनी, 12 नंबर मल्टी आदि क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। महापौर श्रीमती राय ने सकरे क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल साफ-सफाई कराने, कचरा उठवाने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने निर्देशित किया कि सकरी गलियों सहित मुख्य मार्गों, रहवासी एवं बाजार क्षेत्रों में साफ-सफाई और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराए, खुले व हरित क्षेत्रों, सेंट्रल वर्ज, साईड वर्ज आदि को भी निरंतर साफ, स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखे। महापौर श्रीमती राय ने स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु निर्धारित मापदण्डों अनुसार स्वच्छता की गतिविधियां सुनिश्चित कराने और नागरिकों को भी स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए।

### नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने जारी किए निर्देश

# पीएम आवास शहरी योजना में बनेंगे 10 लाख मकान

भोपाल ■ निसं

मप्र में ग्रामीण इलाकों के बाद अब शहरों में भी प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 शुरू हो गई है। इस योजना में प्रदेश के जरूरतमंदों के लिए 10 लाख आवास बनाए जाएंगे। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इसे लेकर निर्देश जारी कर दिए हैं। पीएम स्वनीधि योजना, भवन निर्माण श्रमिक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पीएम विश्वकर्मा योजना के कारीगर, सफाईकर्मी और झुग्गी बस्ती में रहने वाले परिवार को प्राथमिकता पर रखा गया है।

पीएम आवासों के निर्माण के लिए केंद्रांश और राज्यांश की अनुदान राशि 19 हजार 700 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। क्रेडिट लिंक सब्सिडी स्कीम (सीएलएसएस) के लिए ब्याज अनुदान के रूप में 3 हजार 900 करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं। इस तरह कुल 23 हजार 600 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं। हितग्राहियों को अब तक 22 हजार 800 करोड़ रुपए की राशि जारी की जा चुकी है।



**8 लाख 25 हजार आवास बनकर तैयार:** प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में अब तक 8 लाख 25 हजार जरूरतमंद हितग्राहियों के आवास निर्माण पूरे किये जा चुके हैं। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के पहले चरण में 9 लाख 45 हजार आवास स्वीकृत किये गये थे। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के प्रथम चरण के क्रियान्वयन की सम्पूर्ण अवधि में मध्यप्रदेश देशभर में अग्रणी स्थान पर है। योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिये मध्यप्रदेश और प्रदेश की कई नगरीय निकायों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं।

#### चार स्तर पर मिलेगी मदद

शहरी क्षेत्र के लिए पीएम आवास शहरी 2.0 की गाइड लाइन आ चुकी है। इसके मुताबिक चार स्तर पर काम होगा। पहला मकान के लिए आर्थिक मदद मिलेगी। दूसरा सरकार सस्ते मकान बनाकर देगी। तीसरा किराए पर भी मकान मिलेगा और चौथा होम लोन के ब्याज पर सब्सिडी दी जाएगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के प्रथम चरण में प्रभावी क्रियान्वयन का श्रेय न्यूनतम दर पर आवास उपलब्ध कराने के लिये राज्य सरकार द्वारा किये गये कई नवाचारों को जाता है। स्वीकृत आवासों के निर्माण कि लिये केन्द्रांश और राज्यांश की अनुदान राशि 19 हजार 700 करोड़ रूपये एवं क्रेडिट लिंक सब्सिडी स्कीम (सीएलएसएस) घटक के लिये ब्याज अनुदान के रूप में 3 हजार 900 करोड़ रूपये, इस प्रकार कुल राशि 23 हजार 600 करोड़ रूपये स्वीकृत की जा चुकी है।

### शाहजहांनी पार्क में प्रदर्शन कर दिया धरना

# ग्राम पंचायतों के चौकीदार-भृत्य, रसोईयों ने डाला डेरा

भोपाल ■ निसं

विभिन्न सरकारी विभागों में काम कर रहे अंशकालीन और अस्थाई कर्मचारी पहली बार एकजुट नजर आ रहे हैं। ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स एवं अस्थाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के आव्हान पर भोपाल पहुंचे कर्मचारियों ने मंत्रियों के बंगलों से पहले शाहजहांनी पार्क में डेरा डाल दिया है। यहां मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने कर्मचारियों को अपने हक की लड़ाई पूरी ताकत से लडने् को कहा। उन्होंने कहा कि नौकरी करते हुए भूखे मरने से अच्छा है, मंत्रियों के बंगलों पर बैठकर भूखे मरें।

प्रदेश की 23 हजार ग्राम पंचायतों के चौकीदार,पंप आपरेटर, भृत्य, सफाई कर्मी, स्कूलों, छात्रावासों के अंशकालीन भृत्य, रसोईया मंगलवार सुबह ही भोपाल पहुंच गए। जिससे



गांवों में पानी सप्लाई, सफाई और छात्रावासों में रसोई का काम प्रभावित हुआ है। इन कर्मचारियों को पहले पोलीटैक्निक चौराहे पर इकट्ठा होना था, लेकिन प्रशासन से देर रात तक चली बातचीत के बाद शाहजहांनी पार्क में इकट्ठा होने की सहमति इस शर्त पर मिली कि वे कर्मचारियों की मुलाकात मंत्रियों से कराएंगे, जिन्हें ज्ञापन दिया जाएगा।

शाहजहांनी पार्क में इकट्ठा हुए अस्थाई कर्मचारियों की सरकार को दो टूक चेतावनी है कि 3-5 हजार में नौकरी करके भूखे मरने से बेहतर है भोपाल में मंत्रियों के बंगलों पर तब तक भूखे बैठे रहना, जब तक वेतनवृद्धि का आदेश नहीं हो जाता। शर्मा ने कहा कि पंचायतों के चौकीदार, पंप आपरेटरों, अंशकालीन कर्मचारियों के प्रति सरकार का रवैया छुआछूत जैसा है, यह कर्मचारी 15-20 साल से काम कर रहे हैं, लेकिन अभी तक एक बार भी सरकार के किसी मंत्री ने इनसे बातचीत नहीं की।

### महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

# रेलवे स्टेशन पर महिला यात्रियों के लिए सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन

भोपाल ■ निसं

भोपाल मंडल की महिला कल्याण संगठन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए, आज भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 01 स्थित महिला प्रतीक्षालय और प्लेटफार्म नंबर 06 स्थित सामान्य यात्री प्रतीक्षालय में 25 पैड की क्षमता वाली सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का उद्घाटन किया गया। यह सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन महिला यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा होगी, जिससे उन्हें सफर के दौरान स्वच्छता और सुविधा सुनिश्चित होगी, जिससे सफर के दौरान इमरजेंसी में पैड की सुविधा मिलेगी। महिलाएँ पाँच रुपये का सिक्का डालकर आसानी से सेनेटरी पैड प्राप्त कर सकती हैं।

महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष श्रीमती गुंजन त्रिपाठी ने इस पहल को महिला यात्रियों के आत्मसम्मान, सुविधा और सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से महिलाओं को



यात्रा के दौरान स्वच्छता और आत्मनिर्भरता मिलेगी, जिससे उनकी यात्रा अधिक सुखद और सुरक्षित बनेगी।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती रश्मि दिवाकर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया, और गैर सरकारी संगठन -सेतु की सह-संस्थापक श्रीमती मीता वाधवा के साथ महिला कल्याण संगठन की अन्य महिला सदस्य भी उपस्थित रहीं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि महिला प्रतीक्षालय में स्थापित की गई इस वेंडिंग मशीन से महिला यात्रियों को समय पर और आसानी से सेनेटरी पैड मिल सकेंगे, जिससे उनकी यात्रा और भी आरामदायक और सुरक्षित बनेगी। यह पहल महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से की गई है।

सेतु की सह-संस्थापक श्रीमती मीता वाधवा ने इस पहल के लिए महिला कल्याण संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम रेलवे प्रशासन द्वारा महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि वेंडिंग मशीन का रखरखाव और इसमें सेनेटरी पैड की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सेतु हृहृ द्वारा निभाई जाएगी।

यह पहल महिला यात्रियों के लिए आपातकालीन परिस्थितियों में एक बड़ी राहत साबित होगी। इससे उनकी यात्रा के दौरान होने वाली झिझक को कम किया जा सकेगा और वे स्वच्छता व सुविधा का लाभ उठा पाएँगी। भोपाल रेल मंडल का यह प्रयास महिलाओं की यात्रा को अधिक सुरक्षित, स्वच्छ और आत्मविश्वासपूर्ण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है।

### विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पेंशनर्स हमारे समाज की धरोहर हैं, और उनकी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सिंधु भवन भोपाल में विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ के प्रादेशिक वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने संघ की स्मारिका का विमोचन भी किया। संगठन प्रतिनिधियों ने उप मुख्यमंत्री को पेंशनर्स की तीन प्रमुख मांगों - पेंशन की शासकीय गारंटी, महंगाई राहत का समय पर भुगतान और कैशलैस हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने इन मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने उपस्थित पेंशनर्स से आत्मीय संवाद किया।प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष आर.डी. मिश्रा, संरक्षक डॉ. शैलेन्द्र व्यास, और भोपाल शाखा अध्यक्ष बी.आर. मानकर सहित अन्य पदाधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### आंगनवाड़ियों की स्थिति पर चौंकाने वाला खुलासा

# मप्र में 34,143 आंगनवाड़ी भवनविहीन, 4044 जर्जर

भोपाल ■ निसं

मध्यप्रदेश में संचालित आंगनवाडी की स्थिति के बारे में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। यह खुलासा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में हुआ है। विधानसभा में महिला एवं विकास विभाग ने जो जानकारी दी है वह चौंकाने वाली है। विभाग की मानें तो मध्यप्रदेश में 34 हजार 143 आंगनवाड़ी भवनविहीन, 4 हजार 44 आंगनवाड़ी जर्जर है। जर्जर भवन वाली आंगनवाडियां अन्य भवनों में संचालित हो रही है।

यह जानकारी मंगलवार को विधानसभा में प्रदेश के महिला एवं बाल विकास विभाग ने दी है। विधायक कंचन मुकेश तन्वे का सवाल था। उन्होंने मप्र में आंगनवाड़ी केंद्रों और उनसे संबंधित वित्तीय जानकारी के बारे में सवाल उठाया। उनके सवाल के जवाब में विभाग ने सदन को बताया कि- अकेले खंडवा विधानसभा क्षेत्र में ही 37 आंगनवाडियों में बाउंड्रीवाल नहीं है। प्रदेश की कई आंगनवाडियां स्कूल भवनों, सामुदायिक भवनों, पंचायत भवनों, किराए एवं अन्य शासकीय भवनों में संचालित हो रही हैं।

खरगापुर विधायक चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर जवाब से असंतुष्ट हुई। बोलीं- आंगनवाडियों में भोजन का काम बीजेपी लोगों को दिया जा रहा है। पात्र होने पर भी कांग्रेस के लोगों को काम नहीं दिया जा रहा है। महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने जवाब में कहा कि- सभी पात्रों को काम दिया जाता है।

## अनमोल वचन

चरित्रहीन शिक्षा, मानवता विहीन विज्ञान और नैतिकता विहीन व्यापार ख़तरनाक होते हैं।
**सत्यसाई बाबा**

देश का उद्धार विलासियों द्वारा नहीं हो सकता। उसके लिए सच्चा त्यागी होना आवश्यक है।
**प्रेमचंद**

## सम्पादकीय

### घोषित आपातकाल और अघोषित आपातकाल पर संसद में चर्चा

*भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 1975 का आपातकाल एक काला अध्याय है। जब नागरिकों के मूल संवैधानिक अधिकारों को स्थगित कर दिया गया था। देश की जनता को मौलिक स्वतंत्रताओं से वंचित कर दिया गया। वह दौर घोषित आपातकाल का था। जिसे तत्कालीन सत्ता ने एक कानूनी जामा पहनाया था। घोषित आपातकाल की समयावधि 18 माह की थी। जैसे ही आपातकाल खत्म हुआ, नागरिकों के सारे संवैधानिक अधिकार वापस आ गए थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता, संविधान विशेषज्ञ अभिषेक मनु सिंघवी द्वारा 'अघोषित आपातकाल' पर की गई टिप्पणी वर्तमान परिस्थितियों पर गहरा सवाल उठाया है। उन्होंने इस बात को स्पष्ट किया कि लोकतंत्र में वर्तमान आपातकाल कानूनी तौर पर घोषित नहीं है। सत्ता की विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से अघोषित रूप से नागरिकों के ऊपर थोपा जा रहा है। उनके संवैधानिक मूल अधिकारों को अघोषित रूप से खत्म किया जा रहा है। इसके सबसे बड़े शिकार भाजपा के स्वयं के बड़े नेता लालकृष्ण आडवाणी हैं, जिन्हें राजनीति से बाहर कर दिया गया। उन्होंने ही सबसे पहले अघोषित आपातकाल की बात कही थी। घोषित आपातकाल में 1975 में तत्कालीन सरकार ने देशभर में लोकतांत्रिक संस्थाओं, मीडिया और स्वतंत्र अभिव्यक्ति पर अंकुश लगा दिया था। नागरिक अधिकारों को दिया गया, प्रेस पर सेंसरशिप लागू हुई। संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत घोषित आपातकाल जनता के समक्ष एक कानूनी सच्चाई थी। मनु सिंघवी ने कहा कि अघोषित आपातकाल का स्वरूप हमें आज के दौर में दिख रहा है। जहां लोकतांत्रिक अधिकारों को बिना किसी औपचारिक कानूनी प्रावधान के, धीरे-धीरे अघोषित रूप से कमजोर और समाप्त किये जा रहे हैं। मीडिया पर परोक्ष दबाव बनाकर असहमति की आवाज़ को कुचलने के लिए एजेंसियों का गैर संवैधानिक तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए कठोर कानूनों का दुरुपयोग, और न्यायिक स्वतंत्रता पर सवाल अघोषित आपातकाल की स्थिति को बता रहे हैं। उन्होंने कहा आज का दौर घोषित आपातकाल से अलग है। इसके प्रभाव उतने ही गंभीर हैं, जैसे घोषित आपातकाल के दौरान थे। उस समय सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी थी। इस समय असंवैधानिक तरीके से सरकार मौखिक आदेश पर संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर हस्तक्षेप कर उन्हें कमजोर कर रही है। मीडिया का बड़े पैमाने पर पक्षपाती रवैया लोकतंत्र की सेहत के लिए खतरा बन गया है। सिंघवी का यह आरोप था, सत्ता के संरक्षण में भय का माहौल बनाया गया है, जो घोषित आपातकाल से भी ज्यादा खतरनाक और चिंताजनक है। मनु सिंघवी ने राज्यसभा में कहा, लोकतंत्र की रक्षा के लिए, लोकतंत्र की सफलता के लिए, स्वतंत्र अभिव्यक्ति, मजबूत संवैधानिक संस्थाओं और नागरिक के मौलिक अधिकारों पर टिकी होती है। चाहे घोषित आपातकाल हो या अघोषित आपातकाल हो, दोनों ही लोकतंत्र की नींव को कमजोर करते हैं। संविधान को बचाने के लिए सभी पक्षों को आगे आकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करनी होगी। नागरिक समाज, मीडिया और राजनीतिक नेतृत्व को यह सुनिश्चित करना होगा। सत्ता के वर्तमान दौर का लोकतंत्र अघोषित आपातकाल की छाया में नागरिक अधिकारों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। लोकतंत्र में मौन रहना भी एक तरह का आपातकाल है। इसे समाप्त करने के लिए डर और भय का माहौल खत्म करना होगा। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता होनी चाहिए। मीडिया का बड़े पैमाने पर पक्षपाती रवैया लोकतंत्र की सेहत के लिए खतरा बन गया है। सिंघवी का यह आरोप था, सत्ता के संरक्षण में भय का माहौल बनाया गया है, जो घोषित आपातकाल से भी ज्यादा खतरनाक और चिंताजनक है। मनु सिंघवी ने राज्यसभा में कहा, लोकतंत्र की रक्षा के लिए, लोकतंत्र की सफलता के लिए, स्वतंत्र अभिव्यक्ति, मजबूत संवैधानिक संस्थाओं और नागरिक के मौलिक अधिकारों पर टिकी होती है। संवैधानिक संस्थाओं को मजबूत होना चाहिए। उनके द्वारा राज्यपाल और राज्य सरकारों के बीच राज्यपाल को सर्वोपरि बनाने की कोशिश की गई है। उस पर भी कटाक्ष करते हुए अघोषित आपातकाल को समाप्त करने की बात कही। पिछले 10 वर्ष के दौरान अघोषित आपातकाल में जो हो रहा है, उसे उन्होंने घोषित आपातकाल से भी ज्यादा खराब बताया। संविधान को लेकर लोकसभा और राज्यसभा में जो चर्चा हो रही है। पहली बार संविधान की व्याख्या को लेकर पक्ष और विपक्ष जिस तरह से आपकी बात कह रहे हैं, यह लोकतंत्र के लिए एक अच्छा अवसर है। पक्ष और विपक्ष की इस चर्चा के बाद लोकतंत्र मजबूत हो। संविधान सुरक्षित रहे, नागरिकों के मौलिक अधिकार जो संविधान ने दिए हैं, वह पूर्ण रूप से सुरक्षित रहें। यदि ऐसा हो पाया, तो 75 वर्ष के संविधान की यह यात्रा सुखद मानी जाएगी। अभी जिस तरह का वातावरण देखने को मिल रहा है। निश्चित रूप से लोकसभा और राज्यसभा की इस बहस के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन सही तरीके से कर पाएगा। यह आशा की जा सकती है।*

# अल्पसंख्यक के नाम पर राजनीति ज्यादा खतरनाक

*यह थीम इस बात पर ज़ोर देती है कि अल्पसंख्यक के अधिकार सिर्फ़ आकांक्षाएं नहीं हैं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए लोगों और समुदायों को सशक्त बनाने का एक व्यावहारिक तरीका भी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अल्पसंख्यकों की परिभाषा दी है कि ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा।*

**ललित गर्ग**

अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पहली बार 18 दिसंबर 1992 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिन्हित कर अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में ही उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करने एवं समाज को जागृत करने हेतु मनाया जाता है। इस साल थीम 'विविधता और समावेश का जश्न मनाना' है। इसका उद्देश्य भारत के अल्पसंख्यकों की समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देना है। यह थीम इस बात पर ज़ोर देती है कि अल्पसंख्यक के अधिकार सिर्फ़ आकांक्षाएं नहीं हैं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए लोगों और समुदायों को सशक्त बनाने का एक व्यावहारिक तरीका भी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अल्पसंख्यकों की परिभाषा दी है कि ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा। भारत में, इस दिन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। यह दिवस राष्ट्रीय या जातीय, धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्तियों के अधिकारों की घोषणा को जीवंतता प्रदान करने का दिवस है। भारत में केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के गैर-भेदभाव और समानता के अधिकारों की गारंटी के प्रयास सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिन, देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों और मुद्दों पर ध्यान खींचा जाता है। लोग धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषाई और जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने की बात करते हैं। भारत 'लोकतंत्र की जननी' कहलाता है, यहां के लोकतंत्र को खुबसूरती प्रदान करने के लिये भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और भाषाई, जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई उपक्रम एवं प्रयोग करता है। सरकार उन लोगों का गंभीरता एवं समानता से ख्याल रखती है जो अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों सहित उनकी जाति, संस्कृति और समुदाय के बावजूद आर्थिक या सामाजिक रूप




से वंचित लोग हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रत्येक राष्ट्र में अलग-अलग जातीय, भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक समूह होते हैं। भारत में अनेक अल्पसंख्यक समुदाय है। आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में राज्य अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की, जो संविधान और संसद और राज्य विधानमंडलों द्वारा अधिनियमित कानूनों में दिए गए अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा और संरक्षण करते हैं। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है। हालांकि, कानूनी रूप से भारत के संविधान में अल्पसंख्यक की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है लेकिन अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए संविधान के कई प्रावधान अनुच्छेद 29, 30 आदि हैं। अल्पसंख्यक शब्द अल्प और संख्यक दो शब्दों से बना है। जिसका मतलब दूसरों की तुलना में कम संख्या होना है। भारत में अल्पसंख्यकों में मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी शामिल हैं। जरूरत है कि अल्पसंख्यकों को नहीं बांटें और सत्य को नहीं ढकें।

लोकतंत्र भारत की आत्मा है और उसकी रगों में लोकतंत्र रचा-बसा है। यहां सभी को समानता से जीने का अधिकार है, जाति, पंथ एवं धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के कल्याण एवं अधिकारों पर बल दिया है तभी उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलती है। अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव के आरोप पर मोदी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में धर्म, जाति, उम्र या भू-भाग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों के आधार पर बने संविधान के आधार पर चलती है तो पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं उठता है। 'सबका' शब्द में सभी अल्पसंख्यक वर्ग को सम्मिलित करने का भाव है, मोदी सरकार ने अपने नए नारे के साथ ये एहसास दिलाने का प्रयास किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय का भी विश्वास अर्जित करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। तीन तलाक के विरुद्ध कानून लाकर अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को बहुसंख्यक समाज के महिला के बराबर बताने की कोशिश ऐसा ही प्रयास है।

भारत की माटी ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का उद्घोष करके सभी प्राणियों के सुखी एवं समृद्ध होने की कामना की है। यहां अल्पसंख्यकों के साथ इसी उद्घोष की भांति उदात्तता बरती जाती है। महात्मा गांधी ने कहा भी है कि किसी राष्ट्र की महानता इस बात से मापी जाती है कि वह अपने सबसे कमजोर नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है।' इस दृष्टि से आजादी के बाद की सभी सरकारों ने अल्पसंख्यकों के साथ उदात्त एवं कल्याणकारी दृष्टिकोण अपनाया है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों ने अपने स्वार्थों के लिये अल्पसंख्यकों को गुमराह किया है, साम्प्रदायिक उन्माद पैदा किया है। जिससे भारत के लोकतंत्र पर लाल और काले धब्बे लगते गये हैं। इन्हीं संकीर्ण एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाले दलों ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की बजाय उनको वोट बैंक मानकर उनके वास्तविक अधिकारों की अनदेखी की है। ऐसे राजनेताओं ने अल्पसंख्यकों का जीवन खतरे में है, कहकर उन्हें उकसाया है, राष्ट्र की मूलधारा से अलग-थलग करने की कोशिश की है, लेकिन मोदी सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की अनेक बहुआयामी योजनाओं एवं नीतियों को लागू कर इन तथाकथित नेताओं की जुबान पर ताला लगा दिया है। सच कहा जाये तो देश में अल्पसंख्यक खतरे में नहीं हैं, अल्पसंख्यकों के नाम पर राजनीति करने वाले खतरे में हैं। भारत विविध संस्कृतियों और समुदायों का देश है, यही इसका सौन्दर्य है।

# नीतीश कुमार की यात्रा समाधान या सियासत, पर्दा उठ गया..!

*इन सभी सवालों का जवाब खोजा जा रहा था इसी बीच नीतीश कुमार ने अपनी पंद्रहवीं यात्रा महिला संवाद यात्रा स्थगित कर दी. अब इस बात को लेकर राजनीतिक गलियांरे एयर मिडिया जगत में अलग अलग क्यास और संभावनाओं पर चर्चा छोड़ गई है. 2023 में नीतीश कुमार ने बिहार में अंतिम यात्रा समाधान यात्रा किया था. 5 जनवरी 23 को नीतीश ने पश्चिमी चंपारण जिले से शुरू किया था, जो पटना में खत्म हुई. इस दौरान सीएम ने 28 दिन तक राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा किया और विकास कार्यों का जायजा लिया था।*

**श्रीराम सिंह**

ज़ब नीतीश केबिनेट ने 225 करोड़ राशि मुख्यमंत्री के महिला संवाद यात्रा के लिए स्वीकृत किया तब से ये डिबेट शुरू हो गई की इन यात्राओं से किसे क्या मिलेगा. इस यात्रा के पहले भी नीतीश कुमार 14 यात्राएं कर चुके हैं. उनका लोगों के जीवनस्तर पर कितना असर हुआ. इन सभी सवालों का जवाब खोजा जा रहा था इसी बीच नीतीश कुमार ने अपनी पंद्रहवीं यात्रा महिला संवाद यात्रा स्थगित कर दी. अब इस बात को लेकर राजनीतिक गलियांरे एयर मिडिया जगत में अलग अलग क्यास और संभावनाओं पर चर्चा छोड़ गई है. 2023 में नीतीश कुमार ने बिहार में अंतिम यात्रा समाधान यात्रा किया था. 5 जनवरी 23 को नीतीश ने पश्चिमी चंपारण जिले से शुरू किया था, जो पटना में खत्म हुई. इस दौरान सीएम ने 28 दिन तक राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा किया और विकास कार्यों का जायजा लिया था. नीतीश की इस यात्रा से जेडीयू कार्यकर्ताओं का जोश आया तो वहीँ महागठबंधन में भी उत्साह बढ़ा. सीएम नीतीश कुमार जहां-जहां गए, वहां जेडीयू नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नीतीश के 2024 लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री का दावेदार बनने के लिए नारे लगाए और पूरा माहौल बना दिया था. हालांकि, सीएम खुद को पीएम कैंडिडेट मानने से बचने की कोशिश करते दिखे थे. लेकिन जैसे ही नीतीश कुमार ने अपनी पंद्रहवीं यात्रा महिला संवाद का घोषणा किया. पिछली यात्राओं के नफा नुकसान पर डिबेट होने लगा है. आइये जानते हैं नीतीश कुमार की समाधान यात्रा से बिहार की जनता, महागठबंधन, जदयू, भाजपा, एनडीए किसे कितना लाभ हुआ और 2024 के चुनाव में जेडीयू, महागठबंधन, भाजपा या एनडीए को कितना फायदा हुआ. सीएम नीतीश कुमार 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले देशभर के विपक्षी दलों को एकजुट करने में लगे रहे. कई राज्यों का दौरान किए और गैरभाजपा दलों को एक छत के निचे लाने में सफल रहे. वही इसके ठीक विपरीत यात्रा पर जेडीयू नेताओं का कहते रहे कि समाधान यात्रा का 2024 चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है. मगर इस यात्रा से पार्टी ने नीतीश कुमार की छवि को सुधारने की कोशिश की. कुछ महीने पहले ही जेडीयू ने बीजेपी का साथ छोड़कर आरजेडी-कांग्रेस और अन्य दलों के साथ सरकार बनाया था. उसके बाद फिर से कानून व्यवस्था, शराबबंदी समेत अन्य मुद्दों पर सवाल उठने लगे थे. भाजपा लगातार बिहार में जंगलराज की वापसी के आरोप लगा रही थी. हलांकी कुछ महीने राजद के साथ सरकार चलाने के बाद छवि बदलने और लोगों को भरोसा दिलाने के लिए ही प्लान किया गया समाधान यात्रा निकालने का. जेडीयू कुछ हद तक इस अभियान में सफल भी हुई. वहीं इसका लोकसभा चुनाव में भी जबरदस्त फायदा हुआ. नीतीश ठीक एक साल के बाद फिर से एनडीए के साथ चले गए. हालांकी उससे ोहले नीतीश कुमार ने एक सफल रणनीति का बीजारोपण जरूर कर दिया था जो इंडिया गठबंधन का रूप लिया. जिस अभियान में कई नेताओं ने प्रयास करने के बाद थक हार कर उम्मीद छोड़ दिया था उसे नीतीश ने सच कर के दिखाया. नीतीश कीमार की समाधान यात्रा से जनता को कितना फायदा हुआ इस बात से ज्यादा चर्चा यात्रा मे जुटने वाली भीड़ और उसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की उजस्थिति की थी. क्योकि इस भीड़ में नीतीश कुमार और जदयू के भविष्य को स्थायित्व देने वाला वोट दिख रहा था. हर जगह महिलाओं की लंबी क़तार और दीवारों पर जीविका योजना के बैनर और पोस्टर बता रहे थे कि नीतीश कुमार के लिए यह योजना काफ़ी अहम है. जीविका योजना के तहत बिहार के ग्रामीण इलाक़ों में मूल रूप से सेल्फ़ हेल्प ग्रुप बनाकर नीतीश ने महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए सफल प्रयास किया. इस तरह से नीतीश कुमार जीविका दीदियों से मिलने वाले फ़ीडबैक को ख़ासा महत्व देते रहे हैं. बिहार में जीविका योजना से क़रीब डेढ़ करोड़ महिलाएं जुड़ी हुई हैं. यानि नीतीश कुमार ने होने लिए सबसे मजबूत और सुलझे हुए वोट बैंक का इंतजाम कर लिया है. यही कारण है की पूरी राजनीति इधर से उधर हो जाए और नीतीश कुमार का 15 प्रतिशत वोट टस से मस नहीं होता है. बिहार के ग्रामीण क्षेत्र में देखा गया है कि महिलाओं के ज़रिए योजना चलाने से हर परिवार तक ज़्यादा से ज्यादा पहुंच आसानी से हो जाता है. बिहार के ग्रामीण इलाक़े में इसका बहुत असर भी हुआ है. महिलाएं न केवल आर्थिक मोर्चे पर आगे बढ़ रही हैं, बल्कि जीविका के ज़रिए दहेज प्रथा, शिक्षा और बाक़ी कई अहम मुद्दों पर सीधा संवाद से सफलतापूर्वक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. हर नीति और रणनीति की सफलता को नीतीश कुमार महिलाओं के माध्यम से आसानी से सफल कर लेते हैं. यात्रा के दौरान हाथों में बैनर और पोस्टर लिए महिलाएं शराब का विरोध और शराबबंदी का समर्थन करती नज़र आती हैं. तो वहीं गाना बजाना, नृत्य और नाटक के माध्यम से नीतीश कुमार की नीतियों का मंचन कर उसे सहजता से समझाने में भी सहयोग करती हैं. महिलाएं खुल कर स्वीकार करती हैं, पहले हम घर में बंद थे. बाहर नहीं निकलते थे. कोई हमारी क़द्र भी नहीं करता था. अब हम ग्रुप से जुड़ कर काम करती हैं. हमारा सम्मान बढ़ा है और आत्मनिर्भर भी हुए हैं. महिलाओं का कहना है, नीतीश कुमार ने महिलाओ के लिए बहुत कुछ किया है. विकास के लिए महिलाओं का साथ बहुत ज़रूरी है. महिलाओं को नीतीश जी के राज में बहुत सम्मान मिला है।

## एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को लूटते नटवर लाल जिम्मेवार कौन

**नरेन्द्र भारती**

देश में महानगरों से लेकर गांव तक एटीएम मशीनें स्थापित करके राष्ट्रीयकृत बैंकों ने ग्राहकों को सुविधा प्रदान की है मगर एटीएम मशीनों का प्रयोग करने में असमर्थ अनपढ महिलाओं, लोगों व ग्राहकों के लिए यह असुविधा बन गई हैक्योकि नटवरलाल इसी का फायदा उठाकर एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को शिकार बना रहे हैं द्य एक समाचार के अनुसार ताज़ा मामला ऊना में घटित हुआ है जहाँ दौलतपुर चौक में एक ए टी एम में महिला का कार्ड बदलकर धोखे से 35000 हजार रूपये निकाल दिए पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।सरकार को इन मामलों पर संज्ञान लेना होगा ऐसे गिरोह का खत्मा करना होगा जो लोगों के पैसों को लूट रहे है ।सर्तकता से ही इन मामलों को रोका जा सकता है। क्योकि नटवरलाल इसी का फायदा उठाकर एटीएम कार्ड बदल हिमाचल प्रदेश में एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को ठगने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे यदि बैक के अधिकारी सख्त कार्रवाई करे तो इन वारदातों पर रोक लग सकती है। प्रतिदिन प्रदेश में ऐसे मामले घटित हो रह है ।एटीएम गिरोह के लोग कई गरीब लोगों की खून पसीने की कमाई को लूट रहे हैं ।बैंक वाले भी इन वारदातों को रोकने में असहाय नजर आ रहे है। अक्सर देखा गया है कि एटीएम मशीनों में पैसा निकालने वालों की हर समय भीड जीम रहती है वहां न तो कोई सुरक्षा कर्मचारी होता है ओर न ही बैंक के कर्मचारी होतें है। जबकि कानून के अनुसार वहां सुरक्षा कर्मचारी होना चाहिए ।एटीएम बदलकर ठगने की वरदातें रुकने का नाम नहीं ले रही है ।सर्तकता से ही इन मामलों को रोका जा सकता है। क्योकि नटवरलाल इसी का फायदा उठाकर एटीएम कार्ड बदल कर लोगों को लूट कर लाखों का चूना लगा रहें हैं। हिमाचल में सैंकड़ों मामले घटित हो चूके है मगर बैंक प्रशासन व पुलिस मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहे है। प्रतिदिन प्रदेश में ऐसे मामले घटित होते जा रहे है मगर आज तक कोई पकड़ मे नहीं आ सका है ।2018 के फरवरी माह में उना के भटोली व मरवाड़ी में ठगी के दो मामलों में ठगों ने महिलाओं के एटीएम कार्ड बदल कर 2 लाख रुपये उडा़ लिए थे। अंब में एक फौजी का कार्ड बदल कर खाते से 2 लाख रुपये उडा़ लिए थे। जोगिन्द्र नगर में भी एसे ही मामले घटित हुए थे। प्रदेश में बडे पैमाने पर ऐसी वारदातें हो रही है मगर आज तक कोई पकड़ में नहीं आ सका है ।प्रदेश में काफी समय से ऐसे गिरोह लोगों का पैसा लूट रहे है इन पर शिकंजा कसना होगा ताकि ऐसी वारदातों पर रोक लग सके। इसे पुलिस की अर्कमणयता की संज्ञा दी जाए तो कोई आतिश्योक्ति नहीं होगी ।इन घटनाओं में बैंक के अधिकारियों की लापरवाही भी देखने को मिल रही है। कुछ वर्ष पहले जिला मण्डी के रिवालसर व नेरचैक में एक शातिर युवक ने ने एक युवती व युवक के एटीएम कार्ड बदलकर 60 हजार रुपये निकाल लिए थे ।इस वारदात से पहले 15 अप्रैल 2015 को जिला ऊना के खानपुर में एक शातिर युवक ने उसकी मदद की एवज में उसका एटीएम कार्ड बदल दिया बाद में शातिरों ने उसके खाते से 65 हजार रुपये निकाल दिये जब पैसे निकाले जाने का संदेश आया तब उसे शातिरों द्वारा पैसे उड़ाने का पता चला। बीते वर्षों में सोलन के सुल्तानपुर के रहने वाले एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर शातिरों ने 23,530 रूपये निकाल लिए थें ।जब यह व्यक्ति एटीएम से पैसे निकालने लगा तो पैसे निकालते समय कुछ तकनीकी खराबी आ रही थी उसने अपना एटीएम कार्ड पास खडे एक व्यक्ति को देकर कहा कि मेंरे खाते से दो हजार रूपये निकाल दो उसने दो हजार निकाल दिये।

## लघु कथा

### दान को भी दान

नई बहु नें सास से कहा बाई( हमारे देश के कुछ हिस्सों में मां को बाई भी कहा जाता है) इतने सारे जेवर मैं सम्हाल नहीं पाऊंगी आपके पास रख लिजिये। वार- त्यौहार जब पहनना होगा तब मैं, आपसे लेकर पहन लूंगी। सास नें बिना सांस लिये छूटते ही कहा। बहु हमने तुम्हें शादी में यह गहने दान दिये हैं और दान दी हुई चीज को हम वापस नहीं लेते हैं। बहु नें मायके में यह तो सुना था कि बेटी को दान दहेज देते हैं। लेकिन ससुराल में यह सुन वह अवाक रह गई की हमने यह गहने तुम्हें दान दिये हैं। उसे तो लगा था यह गहने उसे उपहार में मिले हैं। आज उसे दान (डोनेशन)और उपहार (गिफ्ट) में अंतर स्पष्ट समझ में आ गया था और उसे यह भी समझ में आ गया था कि बेटी को दान नहीं, बेटी को तो दान कर देने की प्रथा ही कन्या दान है। बहु सोच रही है, जब जीती जागती हंसती खेलती बेटी को लोग कन्या दान बोलकर दान दे देते हैं। तब मुझे बुरा नहीं लगा जब मेरे माता पिता नें कन्या दान के नाम पर बेटी का दान कर दिया। हो सकता है माता-पिता के लिये दान दहेज,दान और उपहार हो और सास नें दान में मिली हुई किसी की बेटी जो अब उनकी बहु है, ऐसे दान को गहने दान दे रहीं हैं। अर्थात् दान को भी दान यह बात भी खूब रही। काश सास कह देतीं की बहु हमने तुम्हें शादी में गहने चढ़ाये हैं, तो कम से कम देवी वाली फीलिंग (भावना) तो आती। क्यों की चढ़ावा तो देवी को ही चढ़ाया जाता है। सोचा सासु मां को बोल दूं मिले हुए दान (कन्या दान) को, दान दे रही हैं। लेकिन रुंधे हुए गले नें और विदा होते समय मां के द्वारा दी गई सीख बेटा ससुराल में जवाब मत देना और ससुराल में अपने पिता के सम्मान का ध्यान रखना। इन्हीं बातों नें बहु के होंठ सिल दिये।



**श्रीमती रमा निगम**
**वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार**

## खास बात

### आसंदी की गरिमा तार तार- लोकतंत्र बनाम राजतंत्र

लोकसभा और राज्यसभा में जिस तरह से आसंदी, सरकार के पक्ष में रहकर उन्हीं मामलों की चर्चा कराना चाहती है. जिन पर सरकार की सहमति होती है. विपक्ष को पूरी तरह से पिछले 10 वर्षों से उपेक्षित किया जा रहा था. कुछ ही मिनट की चर्चा के बाद महत्वपूर्ण बिलों को पास कर दिया जाता था. पिछले 10 वर्ष में सदन में कोई नेता प्रतिपक्ष भी नहीं था. जिसके कारण आसंदी की सहायता से सरकार निरंकुश होती जा रही थी. विपक्ष के किसी भी सवाल को सदन में उठने नहीं दिया जाता था. नाही विपक्ष के सवाल का जवाब सरकार देती थी. सदन में सरकार विपक्ष के मामलों की चर्चा नही होने देती थी.अब स्थिति बदल गई है, भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं है. एनडीए की जोड़-तोड़ की केंद्र में सरकार है. वहीं विपक्ष पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा मजबूत है. ऐसी स्थिति में विपक्ष आक्रामक हो गया है. आसंदी को पक्ष और विपक्ष के बीच में सेतु बनाने का जो काम करना चाहिए. वह काम आसंदी नहीं कर रही है. जिसके कारण पक्ष और विपक्ष के बीच में जिस तरह का तनाव है. उसके कारण विपक्ष के निशाने पर आसंदी आ गई है. भारतीय संविधान में संसद सर्वोपरि है. सरकार सर्वोपरि नहीं है. लोकतंत्र की यह परंपरा कायम रहेगी या बहुमत के आधार पर राजतंत्र का प्रतीक बनेगी. इसको लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं.कोरिया के राष्ट्रपति को वहां की संसद ने महाभियोग लगाकर हटा दिया है. यही संसद की ताकत है.

### अडानी ने इंडिया के सहयोगी दलों को कांग्रेस के खिलाफ खड़ा किया?

स्वतंत्रता की लड़ाई कांग्रेस ने लड़ी थी. अंग्रेजों से भारत को स्वतंत्रता दिलाई. संविधान बनाने में कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान था. संविधान ने आम आदमी को अधिकार संपन्न बनाकर सरकारों का भाग्य विधाता बनाया. संविधान को बचाने का दायित्व कांग्रेस का है. कांग्रेस के वोट बैंक पर क्षेत्रीय दल सत्ता में आए.विपक्षी दल सत्ता के होकर रह गए.राहुल गांधी वर्तमान सत्ता के खिलाफ लड़ रहे हैं. वर्तमान सत्ता द्वारा, अदानी को जिस तरीके से पाला पोसा जा रहा है. इसका विरोध गांधी परिवार के राहुल गांधी कर रहे हैं. संविधान को बचाने के लिए जो लड़ाई विपक्ष को एकजुट होकर लड़नी थी. ऐसे समय पर अदानी के मामले में इंडिया समूह के सहयोगी दल कांग्रेस के खिलाफ खड़े हो गए. हों भी क्यों ना, अदानी चंदा जो देता है, राहुल गांधी तो चंदा देते नहीं है. कांग्रेस मजबूत होगी, तो क्षेत्रीय दल कमजोर होंगे. यह क्षेत्रीय दलों का भय है. इस भय पर अदानी का फार्मूला चला. इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों को भारी भरकम चंदा दिया.

### संसद में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का भी कोई मतलब नहीं

संसद में विपक्षी दलों द्वारा जिन विषयों में चर्चा कराने की मांग की जाती है. सरकार उन मामलों में चर्चा नहीं करना चाहती है. आसंदी में बैठे हुए लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति भी सरकार के साथ खड़े होते हैं. विपक्ष की किसी भी मांग पर चर्चा हो ऐसा पिछले 11 सालों में दिखा नहीं है. राज्यसभा के सभापति के खिलाफ विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है. उस पर चर्चा होगी, या नहीं, कहना मुश्किल है. सरकार और आसंदी में नैतिकता नहीं है. संसदीय परंपराओं का अब कोई मतलब नहीं है. आसंदी सरकार के नियंत्रण में है. 20 दिसंबर को सत्र समाप्त हो जाएगा. इसके साथ ही अविश्वास प्रस्ताव की वैधता समाप्त हो जाएगी. विपक्ष सदन के अंदर चीखता- चिल्लाता रहता है।

## राशिफल

शुभ संवत 2081, शाके 1946, सौम्य गोष्ठ, पौष कृष्ण पक्ष, हेमंत ॠतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पश्चिम तिथि तीज बुधवासरे 12/28 पुष्य नक्षत्रे 50/40 रात्रि 2/59 ऐग योगे 38/13 विवकरणे 12/28 कर्क की चंद्रमा भद्रा 12.28 कर्क की चंद्रमा, भद्रा 12/28 श्री गणेश चौथ व्रत चंद्रोदय 8/10 मूल प्रारंभ रात्रि 2.59 तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल:** आज जन्म लिया बालक योग्य बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, कुशलवक्ता तथा शासक, प्रशासक, बैंक कर्मचारी, केशियर एकाउंटेंट, लेखापाल तथा बैंक का मैनेजर व प्रबंधक होगा तथा कम्प्यूटर, इंजी, प्रोफेसर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर होगा।

**मेष राशि**- मन में अशांति, किसी परेशानी से बचिए, कुटुम्ब की समस्याएं सुलझ जाएगी।

**वृष राशि**- संवेदनशील होने से बचिएगा, नहीं तो अपने किए पर पछताना ही पड़ेगा, ध्यान रखे।

**मिथुन राशि**- मानसिक कार्य में सफलता, सहयोग तथा संतोष होगा धन लाभ होगा, बिगड़े कार्य बनेंगे।

**कर्क राशि**- विरोधियों का समर्थन फलप्रद होगा तथा शुभ कार्य के योग अवश्य ही बन जाएगा।

**सिंह राशि**- व्यवसायिक क्षमता अनुकूल रहे, स्थिति पूर्ण नियंत्रण पर बनी ही रहेगी, ध्यान रखे।

**कन्या राशि**- सामाजिक कार्यो में प्रभुत्व प्रतिष्ठा वृद्धि होगी, धन लाभ आशानुकूल सफलता से हर्ष होगा।

**तुला राशि**- अधिकारी वर्ग से विशेष समर्थन फल प्राप्त होवे तथा रुके कार्य अवश्य ही बन जाएगे।

**वृश्चिक राशि**- धन लाभ, कार्य कुशलता से संतोष होगा, पराक्रम एवं समृद्धि के योग बन जाएगे।

**धनु राशि**- स्त्री शरीर चिन्ता, विवाद ग्रस्त होने से बचिएगा, रुके कार्य बनने के योग बनेंगे।

**मकर राशि**- मनोबल उत्साहवर्धक हो, दैनिक कार्य गति में सफलता अवश्य प्राप्त होगी।

**कुंभ राशि**- कार्य व्यवसाय में उत्तेजना, धन का व्यय तथा शक्ति निश्फल अवश्य होगी।

**मीन राशि**- अधिकारी वर्ग का समर्थन फलप्रद होवे, सामाजिक कार्य में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**18 दिसम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | धनु | 06.25 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मकर | 08.34 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कुंभ | 10.20 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 11.53 बजे से |
| गुरु | वृष में | मेष | 13.24 बजे से |
| शुक्र | मकर में | वृष | 15.04 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 17.02 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.15 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 21.31 बजे से |
| राहुकाल | 12.00 से 1.30 बजे तक | कन्या | 23.43 बजे से |
| | | तुला | 01.54 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.09 ब.से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 353 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ॠतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 10.07 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पुष्य 00.59 बजे रात्र को समाप्त। **योग** इन्द्र 19.34 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 10.07 बजे तदनन्तर बव 21.59 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 24' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872197 **जूलियन दिन** 2460662.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 15 **विशेष** गणेश चतुर्थी व्रत, महाराज छत्रसाल परमधाम वास दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री लामिछाने 4 दिन की रिमांड पर



**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लामिछाने को तीन महीने बाद भी जिला अदालत से राहत नहीं मिल पाई है। मंगलवार को पुलिस ने चार दिन की रिमांड मांगी, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया है। अदालत में दाखिल चार्जशीट में रवि लामिछाने सहित सहकारी घोटाले के 51 अन्य आरोपितों पर 135 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया गया है। पोखरा पुलिस की हिरासत में 60 दिनों तक रहने के बाद पूर्व गृहमंत्री रवि लामिछाने को आज पोखरा की जिला अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने चार दिनों की रिमांड और बढ़ा दी। पोखरा पुलिस की दलील थी कि जब तक अदालत में औपचारिक रूप से आरोप पत्र नहीं दे दिया जाता, तब तक लामिछाने को पुलिस रिमांड में ही रखा जाए। पोखरा के एसपी श्यामबाबू ओलिया ने कहा कि केंद्रीय अनुसंधान विभाग सीआईबी के 600 पेज के आरोप पत्र को पढ़ने के बाद ही जिला न्यायाधिवक्ता उसे अदालत में जज के सामने औपचारिक रूप से पेश करेंगे।

### पाकिस्तान में पुलिस चेक पोस्ट पर आतंकी हमला, एएसआई और कांस्टेबल की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आज तड़के सिंधु नदी के पास गुननगर काराकोरम राजमार्ग पर



एक पुलिस चेक पोस्ट पर हुए आतंकी हमले में दो पुलिसकर्मियों की जान चली गई। जान गंवाने वालों में एक सहायक उप निरीक्षक और एक हेड कांस्टेबल है। इस हमले में तीन अन्य पुलिस कर्मचारी घायल हो गए, जिन्हें बट्टग्राम के जिला मुख्यालय अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शांगला जिले की चकेसर तहसील के गुननगर इलाके की पुलिस चेकपोस्ट पर किया गया। आतंकवादियों के हमले में दो पुलिसकर्मी शहीद हो गए, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 2022 में सरकार के साथ हुए युद्धविराम समझौते को तोड़ने के बाद हमलों में तेजी आई है। आतंकवादी बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में लगातार पुलिस और सुरक्षा बलों को निशाना बना रहे हैं।

### अमेरिका में स्कूली छात्रा ने शिक्षक समेत दो को मौत के घाट उतार की आत्महत्या



वाशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका के विस्कॉन्सिन प्रांत की राजधानी मैडिसन में सोमवार सुबह एक 15 वर्षीय छात्रा ने पिस्तौल से गोली चलाकर एक शिक्षक और छात्र की हत्या कर दी। इसके बाद गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह खूनी खेल एबंडैंट लाइफ क्रिश्चियन स्कूल में खेला गया। इस गोलीबारी में छह अन्य घायल हो गए। मैडिसन के पुलिस प्रमुख शॉन बार्न्स ने कहा कि हमलावर छात्रा 15 वर्षीय नताली रूपनोव स्कूल के पास खून से लथपथ मिली, लेकिन अस्पताल पहुंचाने से पहले उसने दम तोड़ दिया। वह इसी स्कूल में पढ़ती थी। उसने यह खूनखराबा क्यों किया, यह अब तक साफ नहीं हो सका है।

### दक्षिण कोरिया के सेना प्रमुख जनरल पार्क एन-सु गिरफ्तार

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के सेना प्रमुख जनरल पार्क एन-सु को आज गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर अल्पकालिक



मार्शल लॉ लागू करने में मुख्य भूमिका निभाने का आरोप है। जनरल पार्क को गिरफ्तार करने की पुष्टि अभियोजकों ने की है। अभियोजकों ने कहा कि सेना प्रमुख जनरल पार्क एन-सु को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पार्क को विद्रोह में मुख्य भूमिका निभाने और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप में अदालत से वारंट होने के बाद गिरफ्तार किया गया।

### ट्रंप ने की अपील बोले- अब नरसंहार बंद करे रुस और यूक्रेन

वॉशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कि हम राष्ट्रपति पुतिन और जेलेंस्की और यूक्रेन के



प्रतिनिधियों से बात करेंगे। हमें इस युद्ध, इस नरसंहार को रोकना होगा। दोनों से युद्ध को खत्म करने की अपील करेंगे। ट्रंप ने कहा कि युद्ध में जारी नरसंहार को तीन साल हो चुके हैं और अब ये खत्म होना चाहिए। गौरतलब है कि ट्रंप, अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दी जा रही अरबों डॉलर की आर्थिक और सैन्य मदद की आलोचना कर चुके हैं। ऐसे में ट्रंप के सत्ता में आने से यकीनन यूक्रेन की सरकार चिंतित होगी। ट्रंप ने कई बार दावा किया है कि वे रूस और यूक्रेन युद्ध को समाप्त कर सकते हैं। हालांकि वे ये कैसे करेंगे, इस बारे में ट्रंप ने कोई जानकारी नहीं दी है। कुछ दिनों पहले भी ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता शुरू करने की अपील की थी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को अपने शीर्ष सैन्य जनरलों को संबोधित करते हुए कहा था कि उनकी सेना का पूरे अग्रिम मोर्चे पर दबदबा है ।

विष्णुदत्त शर्मा ने नई शिक्षा नीति की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा

# मोदी सरकार ने शिक्षा का किया भारतीयकरण कांग्रेस ने किया था वामपंथीकरण, तुष्टीकरण

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष और खजुराहो से सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को राजधानी दिल्ली में आयोजित पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की उपलब्धियां गिनवाईं। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने शिक्षा का वामपंथीकरण, तुष्टीकरण किया था जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने शिक्षा का भारतीयकरण किया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 से भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। नई शिक्षा नीति को लागू करते हुए शिक्षा को समावेशी, सुलभ और वैश्विक प्रतिस्पर्धी बनाने की निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है।

#### नई शिक्षा नीति से छात्रों की संख्या में वृद्धि

भाजपा सांसद ने कहा कि इस शिक्षा नीति के लागू होने से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों की संख्या में भी 50.1 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। नई शिक्षा से अनुसूचित जाति की महिला नामांकन में 61 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति में नामांकन में 75 और कुल महिला नामांकन में 96.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पूर्वांचल के क्षेत्र में भी महिलाओं की नामांकन संख्या में लगभग 43 प्रतिशत की वृद्धि होना क्षेत्र के लिए एक बेहतर प्रयास है।



मान्यता प्राप्त कॉलेज की संख्या 2015 में 6241 से आज 2024 में 9807 हुई है। इसी प्रकार से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों की संख्या में नई शिक्षा नीति आने के बाद दोगुनी से अधिक 120 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

वीडी शर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति लाने की प्रक्रिया 2015 से शुरू हुई थी, जिसमें ढाई लाख ग्राम पंचायतों, 6600 विकासखंड, 6000 नगरीय निकाय और 6 हजार 76 जिलों से करीब दो लाख सुझावों के बाद यह नई शिक्षा नीति लाने का कार्य किया गया है। नई शिक्षा नीति व्यक्ति के समग्र विकास, सभी को सुलभ शिक्षा देने और भारत में ज्ञान आधारित समाज बनाने की परिकल्पना को साकार करने के लिए बनाया गया है। केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति में खेल आधारित शिक्षा को प्राथमिकता दी गई है।

उन्होंने कहा, एनसीईआरटी द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत जो पाठ्यक्रम, शिक्षा ढांचा तैयार किया गया है, वह बदलते समय के साथ छात्रों को शिक्षा देने के अनुकूल करने और 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने का कार्य करेगा। इनमें कला, विज्ञान, मानविकी विज्ञान को स्थान मिला है। इसमें मातृभाषा आधारित शिक्षा के महत्व को स्वीकार किया गया है। शिक्षा मातृभाषा, स्थानीय भाषा और क्षेत्रीय भाषा में स्किल डेवलपमेंट का पूरा समायोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि 2022 में उच्च शिक्षा संस्थानों में कुल फैकल्टी की संख्या में 12.1 प्रतिशत की वृद्धि एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही महिला फैकल्टी की संख्या में 29.1 की वृद्धि भी हुई है। 2014-15 में उच्च शिक्षा में 3.2 करोड़ नामांकन था, जो वर्ष 2022 में बढ़कर 4.6 करोड़ हुआ है। महिला नामांकन में 30.4 प्रतिशत की वृद्धि होना यह दर्शाता है कि नई शिक्षा नीति लैंगिक समानता में भी वृद्धि हुई है। शर्मा ने बताया कि डिजिटल पहल के तहत एनसीआरटी, सीबीएसई और 32 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में विद्या समीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य शिक्षा को रोजगार के साथ जोड़ना है ताकि छात्र-छात्राओं को आवश्यक कौशल और ज्ञान मिले और बेहतर मौकों के लिए तैयार रह सके।

#### पंजाब में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त, अपराधियों के हौसले बुलंद : चुघ



**नई दिल्ली।** पंजाब में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कड़ी नाराजगी जताई है। मंगलवार को चुघ ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब वे पुलिस थानों तक को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने आज तड़के अमृतसर के इस्लामाबाद थाने में हुए धमाके को भगवंत मान सरकार की नाकामी और आम आदमी पार्टी के कुशासन का सीधा नतीजा बताया। चुघ ने कहा कि ऐसी घटनाएं साबित करती हैं कि पंजाब में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है और अपराधियों के मन में कानून और प्रशासन का कोई डर नहीं बचा है।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से चुनाव प्रक्रिया में सुधार और आर्थिक प्रगति होगी : रामनाथ कोविंद

कोलकाता ■ एजेंसी



पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार का 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव लागू होने के बाद चुनाव प्रक्रिया में व्यापक सुधार होगा और देश की आर्थिक प्रगति को भी बल मिलेगा। कोविंद ने यह बयान कोलकाता में एक आदिवासी संगठन के कार्यक्रम में दिया।

रामनाथ कोविंद सितंबर 2023 में गठित भारत सरकार की 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' संबंधी उच्चस्तरीय समिति के अध्यक्ष थे। उन्होंने कहा कि देश के मतदाता हर साल अलग-अलग चुनावों के लिए मतदान करते-करते थक चुके हैं। कोविंद ने कहा, जब यह प्रस्ताव 2029-2030 तक या संभवत: 5-10 वर्षों में पूरी तरह लागू होगा तो मतदाताओं को हर साल अलग-अलग चुनाव के लिए मतदान केंद्रों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे आर्थिक प्रगति भी होगी और देश की जीडीपी वर्तमान 7.23 प्रतिशत से 1.5 प्रतिशत बढ़कर 10 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। तब हमारा देश दुनिया की शीर्ष 3-4 आर्थिक महाशक्तियों में शामिल होगा।

उन्होंने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से न केवल चुनाव प्रक्रिया में सुधार होगा बल्कि इससे शासन व्यवस्था भी सुगम होगी। उन्होंने कहा, अगर हर साल उम्मीदवारों को मतदाताओं से वोट मांगने जाना पड़े, तो उन्हें यह जवाब भी देना होगा कि विकास से जुड़ी उनकी वादे क्यों पूरे नहीं हुए। बार-बार चुनाव होने से लोग मतदान से उदासीन हो जाते हैं।

पूर्व राष्ट्रपति ने समिति की 18 हजार पन्नों की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है और इससे आर्थिक शासन को सुगठित करने में मदद मिलेगी।

#### संभल के बाद अब वाराणसी के मुस्लिम बहुल इलाके में मिला प्राचीन शिव मंदिर

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के बाद अब वाराणसी के मुस्लिम बहुल इलाके मदनपुरा में 250 साल पुराना एक शिव मंदिर मिला है। मंदिर में पूजा-पाठ भी नहीं होता है। कई वर्षों से ताला बंद है। सोशल मीडिया पर मंदिर की तस्वीर वायरल होते ही मंगलवार को हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। मंदिर के बाहर महिला कार्यकर्ताओं के शंखनाद से वहां भीड़ जुट गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। नगर के संवेदनशील इलाके में मंदिर मिलने पर पुलिस बल के साथ खुफिया तंत्र भी चौकस हो गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार मदनपुरा के मकान नंबर डी-31 के पास स्थित इस प्राचीन शिव मंदिर में पिछले 10 सालों से ताला बंद है। हिंदू संगठनों ने पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर मंदिर को फिर से खोलने की मांग की है।

#### आर्मेनियाई नेशनल असेंबली के अध्यक्ष सिमोनियन ने उपराष्ट्रपति धनखड़ से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** आर्मेनिया की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष एलन सिमोनियन ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से संसद भवन में मुलाकात की। दोनों की चर्चा के मुख्य विषय अंतर-संसदीय संबंध, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और द्विपक्षीय हित के अन्य विषय थे।

## आईपीयू में एआई, मशीन लर्निंग और आईओटी के अनुप्रयोग पर एफ़डीपी का आयोजन

नई दिल्ली ■ एजेंसी

गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी में मंगलवार को एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग (एटीएएल) अकादमी के सौजन्य से दो सप्ताह का एडवांस्ड फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) टेक्नोलॉजिकल ब्रेकथ्रू के लिए जनरेटिव एआई, मशीन लर्निंग और आईओटी का उपयोग विषय पर आयोजित किया जा रहा है।



इस कार्यक्रम का उद्घाटन आईपी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो महेश वर्मा और दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) के कुलपति प्रो प्रतीक शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इसे यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (यूएसआईसीटी) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। देश भर के 1000 से अधिक आवेदकों में से केवल 25 संस्थानों को एआईसीटीई द्वारा ऐसे एफडीपी की मेजबानी के लिए चुना गया था, जिसमें आईपीयू भी शामिल था।

इस एफडीपी का उद्देश्य शिक्षकों को शिक्षण, अनुसंधान और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों में जनरेटिव एआई, मशीन लर्निंग और आईओटी को एकीकृत करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना था।

आईपी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो महेश वर्मा ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया। वहीं प्रो प्रतीक शर्मा ने कहा कि जनरेटिव एआई और आईओटी के पास दबाव डालने वाली वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने की क्षमता है।

## भ्रामक विज्ञापन के लिए 45 कोचिंग सेंटरों को नोटिस

नई दिल्ली ■ एजेंसी

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए भ्रामक विज्ञापन के मामले में 45 कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किया किए हैं। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा ने मंगलवार को राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीसीपीए ने 19 कोचिंग संस्थानों पर 61,60,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है और उन्हें भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार प्रथाओं को बंद करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि सीसीपीए ने 13 नवंबर को कोचिंग सेंटरों को माल या सेवा की बिक्री को बढ़ावा देने और भ्रामक या अनुचित प्रथाओं में संलग्न होने के लिए झूठे या भ्रामक दावे व विज्ञापन करने से रोकने के लिए कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापन की रोकथाम के लिए दिशानिर्देश, 2024 जारी किए हैं। वर्मा ने कहा कि उपभोक्ता मामलों के विभाग ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के माध्यम से यूपीएससी सिविल सेवा, आईआईटी और अन्य प्रवेश परीक्षाओं के लिए नामांकन कराने वाले छात्रों और उम्मीदवारों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए मुकदमेबाजी से पहले के चरण में सफलतापूर्वक हस्तक्षेप किया है। विभिन्न कोचिंग सेंटरों द्वारा अनुचित व्यवहार, विशेष रूप से छात्रों व अभ्यर्थियों की नामांकन फीस वापस न करने के संबंध में राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन में दर्ज की गई कई शिकायतों के बाद, एनसीएच ने प्रभावित छात्रों को कुल 1.15 करोड़ रुपये की वापसी की सुविधा प्रदान करने के लिए मिशन-मोड पर इन शिकायतों को हल करने के लिए एक अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता मामले विभाग प्रगतिशील कानून बनाकर उपभोक्ता संरक्षण और उपभोक्ताओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रहा है। वैश्वीकरण, प्रौद्योगिकी, ई-कॉमर्स बाजार आदि के नए युग में उपभोक्ता संरक्षण को नियंत्रित करने वाले ढांचे को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 को निरस्त कर दिया गया और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 लागू किया गया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा-10 के तहत केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण की स्थापना की गई है।

### पीएम मोदी ने फ्रांस में चक्रवात चिडो से हुई तबाही पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** फ्रांस के मायोट में चक्रवात चिडो से हुई तबाही पर दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत फ्रांस के साथ एकजुटता से खड़ा है और हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व में फ्रांस इस त्रासदी से दृढ़ता और दृढ़ संकल्प के साथ उबर जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा, मायोट में चक्रवात चिडो के कारण हुई तबाही से बहुत दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व में फ्रांस इस त्रासदी से दृढ़ता और दृढ़ संकल्प के साथ उबर जाएगा। भारत फ्रांस के साथ एकजुटता में खड़ा है और हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। फ्रांस के मायोट में 200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आए चक्रवात से कारण 22 लोगों की मौत हो गई।

## भावनगर में खड़े डंपर में बस ने मारी टक्कर भाई-बहन समेत 6 की मौत, कई घायल

भावनगर/अहमदाबाद ■ एजेंसी



गुजरात के सोमनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भावनगर जिले के त्रापज के पास मंगलवार सुबह एक निजी बस, सड़क किनारे खड़े डंपर से जा टकराई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि बस के परखच्चे उड़ गए।

जानकारी के मुताबिक, भावनगर के पास त्रापज के पास हाईवे पर एक डंपर में खराबी आ गई और ड्राइवर ने उसे सड़क के किनारे खड़ा कर दिया।

इसी बीच सूरत से राजुला जा रही एप्पल ट्रैवल्स की बस डंपर के पिछले हिस्से से टकरा गई। हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

बस चालक वल्लभ सोंडभाई मकवाणा ने बताया कि यात्रियों से भरी बस सूरत से राजुला जा रही थी, इसी बीच त्रापज के पास सड़क किनारे खड़े डंपर से जा टकराई। रास्ते पर कोई पत्थर नहीं रखा गया था इसलिए डंपर की तरफ ड्राइवर का ध्यान नहीं गया और जबतक उसने बस को संभालने की कोशिश की, बस नियंत्रण से बाहर हो गई।

हादसे में मरने वालों में गोविंद भारतभाई कवाड, तमन्ना भरतभाई कवाड, खुशीबेन कल्पेशभाई बरैया, जयश्री महेशभाई नकुम, चतुरबेन मधुभाई हादिया और कलाभाई बल्दानिया शामिल हैं। गोविंद और तमन्ना भाई-बहन थे।

केंद्रीय राज्य मंत्री और भावनगर के सांसद निमुबेन बामभनिया ने दुर्घटना की जानकारी भावनगर अस्पताल के अधिकारियों को देते हुए घायलों की उचित देखभाल के निर्देश दिए। वे लगातार कलेक्टर के संपर्क में रहे और प्रशासन को अलर्ट करते हुए दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर हरसंभव मदद के निर्देश दिए।

*सशस्त्र बलों को रसद प्रशिक्षण और सहयोग बढ़ाने के लिए हुआ समझौता*

# रसद क्षमता में विशेषज्ञता के लिए नौसेना को प्रशिक्षण देगा गति शक्ति विश्वविद्यालय

*नई दिल्ली ■ एजेंसी*

*सेना और वायु सेना के बाद अब भारतीय नौसेना ने भी रसद प्रशिक्षण और सहयोग बढ़ाने के लिए गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) के साथ मंगलवार को नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। वडोदरा के गति शक्ति विश्वविद्यालय के साथ इस एमओयू के तहत नौसेना को रसद क्षमता में उच्च विशेषज्ञता हासिल करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। गति शक्ति विश्वविद्यालय अत्याधुनिक रसद शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के साथ सशस्त्र बलों को सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में काम करेगा।*

*इस समझौता ज्ञापन पर नौसेना के रसद नियंत्रक (सीओएल) वाइस एडमिरल दीपक कपूर और जीएसवी के कुलपति प्रोफेसर मनोज चौधरी ने हस्ताक्षर किए हैं। सहयोग की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए वाइस एडमिरल कपूर ने कहा कि जीएसवी उन्नत कौशल, मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी समझ, अत्याधुनिक रसद शिक्षा और वास्तविक दुनिया की अंतर्दृष्टि के साथ नौसेना को सशक्त बनाने में काम करेगा, जबकि जीएसवी को भारतीय नौसेना के व्यावहारिक परिचालन अनुभवों से लाभ होगा।*

*भारतीय सेना और वायु सेना को रसद क्षमता में उच्च विशेषज्ञता हासिल करने*



*के लिए इसी साल 09 सितम्बर को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की मौजूदगी में वडोदरा के गति शक्ति विश्वविद्यालय के साथ समझौता हुआ था। उस समय रक्षा मंत्री ने इस एमओयू को रक्षा में आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण के अनुरूप सशस्त्र बलों की रसद रीढ़ को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण साझेदारी बताया था। दरअसल, कुशल रसद प्रणाली सशस्त्र बलों को तेजी से जुटाने और कम समय में सही जगह पर संसाधन पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हमारी सेनाएं जिन विपरीत परिस्थितियों में काम करती हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए सैनिकों और उनके उपकरणों की आपूर्ति में निर्बाध आवाजाही की जरूरत है। हमारी सेनाओं की जरूरतों को कैसे पूरा किया जा सकता है, इस संदर्भ में यह समझौता ज्ञापन बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा।*

#### नई पीढ़ी को मददगार

*सरकार का मानना है कि सशस्त्र बलों को रसद में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए गति शक्ति विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों प्रशिक्षण हासिल करने की जरूरत है। यदि हमें इसके लिए उपकरणों की आवश्यकता है, तो हमें उन्हें भारत में ही निर्मित करवाना चाहिए। एक मजबूत भारत की नींव केवल आत्मनिर्भर बनकर ही रखी जा सकती है। गति शक्ति विश्वविद्यालय सशस्त्र बलों को प्रबंधन और परिचालन अनुभव के माध्यम से रसद विशेषज्ञों और प्रबंधकों की एक नई पीढ़ी को आकार देने में मदद करेगा, जो आधुनिक युद्ध की गतिशील जरूरतों को पूरा करेंगे।*



# मोटापे की कट्टर दुश्मन है दलिया

दलिया का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता है। विटामिन और प्रोटीन से भरपूर दलिया खाने से न केवल वजन कम होता है बल्कि आप कई बीमारियों से दूर रहेंगे। बता दें, मोटे अनाज के दानेदार चूरे को दलिया कहते हैं। इसमें मौजूद पोषक तत्व लो कैलोरी, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, थायमिन, फोलेट, पोटेशियम, कार्बोहाइड्रेट, जिंक, मिनरल्स, विटामिन और आयरन हेल्दी और स्वस्थ बनाते हैं। अगर आप अपनी डाइट में सिर्फ एक कटोरी दलिया का सेवन करते हैं तो इससे आपकी सेहत को क्या क्या फायदे हो सकते हैं चलिए हम आपको बताते हैं–

दलिया खाने से ये बीमारियां रहेंगे कोसों दूर-

सेहतमंद दिल- दलिया में मौजूद फाइबर, प्रोटीन, और एंटीऑक्सीडेंट दिल की सेहत के लिए फायदेमंद हैं। दलिया कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करता है जिससे हार्ट डिजीज का रिस्क काफी कम हो जाता है।

वजन होगा कम- अगर वजन तेजी से बढ़ रहा है तो डाइट में दलिया ज़रूर शामिल करें। दलिया फाइबर से भरपूर होता है और वजन को कम करने में मदद करता है। इसके सेवन से लंबे समय तक भूख नहीं लगती है।


डायबिटीज कंट्रोल- दलिया में लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स पाया जाता है जो डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद है। इसका सेवन ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करता है।

पाचन होता है बेहतर- दलिया पाचन को सुधारने में मदद कर सकता है क्योंकि ये कब्ज को कम करने में मदद करता है और आपके पेट में सारे पोषण को अच्छी तरह से सोख लेता है।

कोलेस्ट्रॉल होगा कम- दलिया में मौजूद फाइबर बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में बेहद असरदार है। दलिया कोलेस्ट्रॉल को कम करके दिल से जुड़ी बीमारियों के खतरे को भी कम करता है।

दलिया खाने का सही समय-

दलिया सुबह और शाम के नाश्ते में खाना चाहिए। सुबह के समय दलिया खाने से दिनभर ऊर्जावान महसूस करेंगे साथ ही शाम के समय नाश्ते में दलिया खाने से आपको रात के समय ज़्यादा भूख नहीं लगेगी।



# क्या बुढ़ापे से जवानी और फिर बचपन में लौट सकता है इंसान?

## जानिए रिवर्स एजिंग क्या है

हम सभी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से गुजरते हैं। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, हमारी त्वचा ढीली पड़ने लगती है, बाल सफेद हो जाते हैं, और शारीरिक क्षमता भी कम होने लगती है। लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि वैज्ञानिक अब बुढ़ापे की प्रक्रिया को उलटने के तरीके खोज रहे हैं? जी हां, रिवर्स एजिंग का मतलब बुढ़ापे से जवानी की ओर लौटना है और यह एक दिलचस्प शोध का हिस्सा बन चुका है।

## रिवर्स एजिंग क्या है?

रिवर्स एजिंग एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें बुढ़ापे को धीमा करने या उलटने की कोशिश की जाती है। सरल शब्दों में कहें तो, यह एक ऐसी अवधारणा है जिसके तहत इंसान का शरीर बुढ़ापे से फिर से युवा अवस्था में लौट सकता है। भले ही यह सोच पहले असंभव सी लगती थी, लेकिन अब वैज्ञानिक इस पर गंभीरता से काम कर रहे हैं। आजकल के विज्ञान और तकनीक के कारण बुढ़ापे के लक्षणों को धीमा करने या उलटने के लिए कुछ उपायों पर काम हो रहा है। इनमें जेनेटिक इंजीनियरिंग, स्टेम सेल थेरेपी, और अन्य नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

## उम्र बढ़ने का कारण

हमारी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया मुख्य रूप से हमारे डीएनए में होने वाले बदलावों के कारण होती है। जैसे-जैसे समय बीतता है, हमारे डीएनए में क्षति होती जाती है, जिससे हमारी कोशिकाएं ठीक से काम नहीं कर पातीं। साथ ही, हमारे शरीर में मुक्त कण भी बनते हैं, जो कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज करते हैं।

## रिवर्स एजिंग के तरीके

वैज्ञानिक रिवर्स एजिंग के लिए कई तरह के तरीकों पर काम कर रहे हैं। चलिए जानते हैं कुछ प्रमुख तरीकों के बारे में-

## स्टेम सेल थेरेपी

स्टेम सेल्स उन कोशिकाओं को कहते हैं, जो किसी भी प्रकार की कोशिका में बदलने की क्षमता रखती हैं। इस थेरपी से शरीर के पुराने और कमजोर अंगों की मरम्मत की जा सकती है, जिससे शरीर फिर से ताजगी महसूस करता है।

## जेनेटिक इंजीनियरिंग

शोधकर्ताओं ने पाया है कि कुछ खास जीन होते हैं, जिन्हें सक्रिय करके हम शरीर की कोशिकाओं को फिर से जवान बना सकते हैं। अगर इन जीनों को सही तरीके से एक्टिव किया जाए, तो शरीर के अंग और कोशिकाएं फिर से काम करने की क्षमता हासिल कर सकती हैं।

## टेलोमेरेज और टेलोमर्स

हमारी कोशिकाओं के अंदर एक संरचना होती है, जिसे टेलोमेरेज कहते हैं। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, टेलोमेरेज की लंबाई कम हो जाती है और कोशिकाओं का बंटवारा धीमा पड़ जाता है। लेकिन अगर इसे फिर से लंबा किया जाए, तो कोशिकाएं जवानी की स्थिति में लौट सकती हैं।

## एंटीऑक्सीडेंट

एंटीऑक्सीडेंट शरीर में बनने वाले मुक्त कणों से लड़ने में मदद करते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि एंटीऑक्सीडेंट का उपयोग करके हम उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सकते हैं।

## कैलोरी रिस्ट्रीक्शंस

कई शोधों में यह पाया गया है कि कैलोरी रिस्ट्रीक्शंस (खाने की मात्रा में कमी) से उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा किया जा सकता है। यह शरीर में सुधार लाने के लिए सहायक हो सकता है।

रिवर्स एजिंग का शोध अभी प्रारंभिक चरण में है, लेकिन इसके परिणामों से हमें उम्मीद है कि भविष्य में यह हमारे जीवन को बेहतर बना सकता है। हालांकि, अभी भी इस प्रक्रिया को पूरी तरह से लागू करने के लिए और अधिक अनुसंधान की आवश्यकता है। लेकिन ये नए वैज्ञानिक प्रयास एक दिन हमें उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को रोकने या उसे उलटने में मदद कर सकते हैं।

# हर्ब्स की मदद से बनाएं नेचुरल हेयर कलर, जाने आसान और सेहतमंद तरीका



बालों को नेचुरली कलर करना अब मुश्किल नहीं है। आप हर्ब्स की मदद से घर पर ही ऐसा हेयर कलर तैयार कर सकती हैं, जो न केवल आपके बालों को खूबसूरत रंग देगा, बल्कि उन्हें पोषण भी प्रदान करेगा। हर्ब्स से बने हेयर कलर केमिकल-फ्री होते हैं और बालों को मजबूत, शाइनी और हेल्दी बनाते हैं। यह खासतौर से उन लोगों के लिए सही है, जो अपने लुक में बदलाव तो चाहते हैं लेकिन बालों को नुकसान पहुंचाने वाले केमिकल्स से बचना चाहते हैं।

## हिना से बनाएं नेचुरल हेयर कलर

हिना बालों को नेचुरली कलर करने के लिए सबसे पुराना और प्रभावी विकल्प है। यह बालों को डीप रेड या बरगंडी शेड देने के साथ-साथ उन्हें मजबूत और टेक्सचर में सुधार करता है। हेयर कलर बनाने के लिए हिना पाउडर को गर्म पानी या चाय के साथ मिलाकर चिकना पेस्ट तैयार करें। इसमें नींबू का रस या टी ट्री ऑयल मिलाकर इसे और भी पौष्टिक बनाएं। इस पेस्ट को बालों पर समान रूप से लगाएं और 1-3 घंटे तक सूखने दें। इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें, लेकिन तुरंत शैम्पू का इस्तेमाल करने से बचें ताकि रंग बालों में अच्छी तरह से सेट हो सके।

## आंवला से बालों को दें प्राकृतिक चमक

आंवला बालों के नेचुरल कलर को निखारने और उन्हें सिल्की व शाइनी बनाने में मदद करता है। आंवला पाउडर को पानी में मिलाकर एक चिकना पेस्ट बनाएं और इसे बालों पर लगाएं। पेस्ट को एक घंटे तक बालों पर छोड़ दें। अगर आप बालों को और भी गहरे रंग का टच देना चाहती हैं, तो आंवला पेस्ट में हिना पाउडर मिलाएं। यह आपके बालों को प्राकृतिक चमक और मजबूती प्रदान करेगा, साथ ही बालों की ग्रोथ में भी मदद करेगा।

रूबर्ब रूट से पाएं हल्का गोल्डन शेड

अगर आप अपने बालों को हल्का गोल्डन या रेडिश टोन देना चाहती हैं, तो रूबर्ब रूट एक बेहतरीन विकल्प है। यह लाइट बालों पर खासतौर से अच्छा असर दिखाता है और उनकी शाइन बढ़ाता है। रूबर्ब रूट को 20-30 मिनट तक पानी में उबालें और फिर इसे ठंडा होने दें। इस लिक्विड को बालों पर लगाएं और करीब एक घंटे के लिए छोड़ दें। बाद में गुनगुने पानी से बाल धो लें। यह आपके बालों को खूबसूरत रंग और पोषण दोनों प्रदान करेगा।

## हर्ब्स क्यों हैं खास?

हर्ब्स से बने हेयर कलर पूरी तरह नेचुरल और केमिकल फ्री होते हैं। यह बालों को किसी भी प्रकार के नुकसान से बचाते हैं और उन्हें पोषण देते हैं। हर्ब्स से बालों की ग्रोथ में सुधार होता है, वे मजबूत बनते हैं और उनमें प्राकृतिक चमक भी आती है। साथ ही, हर्ब्स से बना रंग लंबे समय तक टिकता है और बालों को हेल्दी व खूबसूरत बनाता है। इन नैचुरल हेयर कलर के इस्तेमाल से आप अपने लुक को बेहतर बना सकती हैं, बिना बालों को नुकसान पहुंचाए। अगर आप भी अपने बालों को नेचुरली कलर करना चाहती हैं, तो इन हर्बल तरीकों को अपनाएं और बालों को खूबसूरत व सेहतमंद बनाएं।



# लौंग का पानी पीने के फायदे

अगर आप सुबह लौंग का पानी पीते हैं तो इससे शरीर को कई फायदे मिलते हैं। लौंग में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो पानी में घुलकर शरीर तक पहुंचते हैं और कई लाभ पहुंचाते हैं। लौंग का पानी पीने से हमारे शरीर में पाए जाने वाले त्रिदोष को भी बैलेंस किया जा सकता है।

## सुबह लौंग का पानी पीने से क्या फायदा होता है?

वात, पित्त और कफ रहेगा बैलेंस– आयुर्वेद में सारी बीमारियों की जड़ वात, पित्त और कफ को माना जाता है। वात पित्त और कफ का बैलेंस बिगड़ने पर कई तरह की बीमारियां पैदा होती हैं। खासतौर से इससे पेट, गले, नाक और त्वचा की समस्याएं हो सकती हैं। त्रिदोष को बैलेंस करने में लौंग का पानी असरदार साबित होता है। इससे पाचन में सुधार आएगा और पेट ठंडा रहेगा। लौंग का पानी पीने से पेट की जलन और एसिडिटी कम होगी।

पाचन में सुधार आएगा– जो लोग सुबह खाली पेट लौंग का पानी पीते हैं उनका पाचन तंत्र मजबूत बनता है। इस पानी से पेट की बीमारी जैसे गैस, एसिडिटी, ब्लोटिंग और अपच दूर होती है। पाचन प्रक्रिया में सुधार आता है। लौंग का पानी पीने से शरीर में एंजाइम बढ़ते हैं जिससे खाना पचाने में आसानी होती है।

प्यास और जलन कम करे– अगर आपको बहुत प्यास लगती है और पेट में जलन की शिकायत होती है तो आप लौंग का पानी पी सकते हैं। भले ही लौंग तासीर में गर्म होती है लेकिन लौंग का पानी ठंडक देने वाला हो जाता है। इससे प्यास कम लगती है और पेट में होने वाली जलन भी दूर होती है। लौंग का पानी पीने से शरीर हाइड्रेड रहता है।

वजन घटाने में मदद– सुबह खाली पेट लौंग का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है। इससे वजन घटाने में मदद मिलती है। भूख कम लगती है और ओवरईटिंग पर भी कंट्रोल किया जा सकता है। लौंग में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो फैट को तेजी से बर्न करने में मदद करते हैं। इसलिए मोटापा घटाने का प्रयास करने वाले लोग लौंग का पानी पी सकते हैं।

इम्यूनिटी बढ़ाए– रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में लौंग का पानी असरदार साबित होता है। इससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। खासतौर से बदलते मौसम में सर्दी–जुकाम और खांसी कफ जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। लौंग में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं जो किसी भी इंफेक्शन से बचाने में मदद करते हैं। इससे मौसमी बीमारियां दूर रहती है।



# ब्लैकहेड्स से छुटकारा पाने के 5 प्रभावी घरेलू उपाय और टिप्स!

ब्लैकहेड्स एक आम समस्या है, खासकर चेहरे पर, जो त्वचा की porosity और तेल उत्पादन के कारण होते हैं। ये तब बनते हैं जब रोमछिद्रों में जमा हुआ तेल, गंदगी, मृत त्वचा कोशिकाएं और बैक्टीरिया हवा के संपर्क में आकर काले हो जाते हैं। ब्लैकहेड्स आपकी त्वचा को बेजान बना देते हैं। ब्लैकहेड्स की समस्या को दूर करने के लिए कई उपाय हैं, जिनमें से कुछ आसान घरेलू उपचार भी हैं।

यहां कुछ प्रभावी टिप्स और घरेलू उपचार दिए गए हैं जिनसे आप ब्लैकहेड्स से छुटकारा पा सकते हैं-

**हल्दी और बेसन का फेस पैक**

हल्दी और बेसन एक प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल हैं, जो त्वचा को साफ करने में मदद करते हैं।

1. (1) चम्मच बेसन में 1/2 चम्मच हल्दी और थोड़ी सी दही डालें।
2. इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और सूखने तक छोड़ दें।
3. सूखने के बाद हल्के हाथों से स्क्रब करें और फिर पानी से धो लें।

यह पैक त्वचा को गहराई से साफ करता है और ब्लैकहेड्स को कम करने में मदद करता है।

**अंडे का सफेद भाग और नींबू का रस मास्क**

नींबू में सिट्रिक एसिड होता है जो त्वचा को एक्सफोलिएट करता है, जबकि अंडे का सफेद भाग त्वचा को हाइड्रेट करता है।

1. (1)अंडे का सफेद भाग, 1 चम्मच नींबू का रस
2. अंडे की सफेदी को सख्त होने तक फेंटें, उसमें नींबू का रस मिलाएं और अपने चेहरे पर लगाएं। सूखने तक लगा रहने दें और फिर धीरे से छील लें।
3. नताशा ने कहा, ÷अंडे का सफेद भाग रोमछिद्रों को कसता है और अतिरिक्त तेल को हटाता है, जबकि नींबू का रस त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करता है।÷

**स्टीम (भाप) लें**

स्टीम लेने से त्वचा के रोमछिद्र खुल जाते हैं, जिससे ब्लैकहेड्स को निकालना आसान हो जाता है।

1. एक बर्तन में पानी गर्म करें और उसका भाप चेहरे पर लें।



2. ध्यान रखें कि पानी ज्यादा गर्म न हो, ताकि त्वचा जल न जाए।
3. स्टीम लेने के बाद चेहरे को ठंडे पानी से धोकर रोमछिद्रों को बंद कर लें।

चीनी और शहद स्क्रब

चीनी त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने के लिए एक बेहतरीन स्क्रब है, जबकि शहद त्वचा को मुलायम बनाता है और उसकी नमी बनाए रखता है।

1. 1 चम्मच चीनी और 1 चम्मच शहद मिलाकर एक स्क्रब तैयार करें।
2. इसे चेहरे पर हल्के हाथों से रगड़ें और फिर गुनगुने पानी से धो लें।
3. यह स्क्रब ब्लैकहेड्स को हटाने में मदद करता है और त्वचा को निखारता है।

**टी ट्री ऑयल**

टी ट्री ऑयल एक प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल एजेंट है, जो ब्लैकहेड्स को रोकने में सहायक है।

1. (1-2) बूंदें टी ट्री ऑयल को एक कॉटन पैड पर डालें और उसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं।
2. इसे रातभर छोड़ें और सुबह अपने चेहरे को धो लें। टी ट्री ऑयल त्वचा को साफ रखता है और ब्लैकहेड्स के निर्माण को रोकता है।

**अतिरिक्त टिप्स**

1. चेहरे को नियमित रूप से धोएं-दिन में दो बार फेसवॉश से चेहरे को धोने से अतिरिक्त तेल और गंदगी हट जाती है, जिससे ब्लैकहेड्स की संभावना कम होती है।
2. कॉमेडोजेनिक उत्पादों से बचें- ऐसे स्किनकेयर और मेकअप उत्पादों का उपयोग न करें जो त्वचा के रोमछिद्रों को बंद कर सकते हैं।
3. संतुलित आहार लें-खानपान में विटामिन और ओमेगा-3 फैटी एसिड्स को शामिल करें, जैसे कि गाजर, टमाटर, मछली आदि, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखते हैं।

ब्लैकहेड्स से छुटकारा पाना समय और धैर्य की बात है। इन घरेलू उपचारों को नियमित रूप से अपनाकर आप ब्लैकहेड्स को कम कर सकते हैं और अपनी त्वचा को साफ और निखरा हुआ रख सकते हैं। यदि समस्या अधिक बढ़ जाए तो त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लेना भी फायदेमंद हो सकता है

## संक्षिप्त समाचार

### फेनेल डबल हैट्रिक लेकर मलिंगा और राशिद के क्लब में शामिल

ब्यूनर्स आयर्स। क्रिकेट की पहुंच अब अर्जेंटीना तक हो गयी है जबकि यहां का पसंदीदा खेल फुटबॉल है। इसका अंदाजा सी से लगाया जा सकता है कि अर्जेंटीना के एक गेंदबाज हर्नान फेनेल ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप सब रीजनल अमेरिकी क्वालीफायर मुकाबले में डबल हैट्रिक लेकर धूम बचा दी है। फेनेल ने केमैन आइलैंड्स के खिलाफ ये डबल हैट्रिक ली है। इसके साथा ही फेनेल ने श्रीलंका के दिग्गज गेंदबाज लसिथ मलिंगा और अफगानिस्तान के राशिद खान की बराबरी की है। डबल हैट्रिक का अर्थ लगातार गेंदों पर 3 से अधिक या 4 विकेट देना है। फेनेल ने केमैन आइलैंड्स की पारी के अंतिम ओवर में ये कारनामा किया। उन्होंने 20वें ओवर की तीसरी गेंद पर ट्रॉय टेलर को आउट करके मैच में दूसरा, जबकि हैट्रिक का पहला विकेट लिया। इसके बाद अगली तीन गेंदों पर एलिस्टेयर इफिल, रोनाल्ड ईबैंक्स और एलेसेंड्रो मॉरिस को आउट किया। इस तरह से उन्होंने मैच में 14 रन देकर कुल 5 विकेट लिए। फेनेल अपनी डबल हैट्रिक के बाद भी अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये।

### 31 की उम्र में उत्तर प्रदेश के तेज गेंदबाज ने संन्यास लिया

मुम्बई। आईपीएल नीलामी में नहीं बिके तेज गेंदबाज अंकित राजपूत ने खेल से संन्यास ले लिया है। केवल 31 साल की उम्र में इस क्रिकेटर के संन्यास लेने से सभी हैरान हैं। अंकित ने उत्तर प्रदेश की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने के साथ ही कई आईपीएल टीमों से भी खेला है। अंकित ने 2012-13 के रणजी सीजन में यूपी के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया और अपने रेड-बॉल करियर में 248 विकेट लिए हैं। इस क्रिकेटर ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स, पंजाब किंग्स, राजस्थान रॉयल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स टीम के लिए खेलते हुए 29 मैचों में 24 विकेट लिए हैं।

### रिंकू विजय हजारे ट्रॉफी के लिए यूपी टीम के कप्तान बने

मुम्बई। आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह अब कप्तानी करते नजर आयेंगे। रिंकू विजय हजारे ट्रॉफी में यूपी टीम की कप्तानी करेंगे। विजय हजारे ट्रॉफी 21 दिसंबर से शुरु होगी। इसके लिए 19 सदस्यीय टीम घोषित कर दी गयी है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ ने 19 सदस्यीय टीम के अलावा 4 खिलाड़ी स्टैंड बाई के रूप में चुने हैं जबकि 5 नेट बॉलर रखे हैं। रिंकू की कप्तानी में विजय हजारे ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश अपना पहला मुकाबला 21 दिसंबर को जम्मू कश्मीर टीम से खेलेगा। रिंकू ने हाल में हुए सैयद मुश्ताक अली टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए

---

वनडे, टी20 रैंकिंग शीर्ष तीन बल्लेबाजों में शामिल

# मंधाना को दोनों रैंकिंग में हुआ फायदा



### गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति को नुकसान

गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति शर्मा दो स्थान के नुकसान से पांचवें पायदान पर हैं। भारतीय तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी 48 स्थान की लंबी छलांग के साथ 51वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि रेणुका ठाकुर 28वें से संयुक्त 26वें स्थान पर पहुंच गई हैं। गार्डनर गेंदबाजी रैंकिंग में भी दो स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं जो उनके करियर की पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी है। वह ऑलराउंडर की सूची में भी चौथे से दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप दो स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड की चार्ली डीन (दो स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर), नैट स्किवर ब्रंट (एक स्थान के फायदे से 16वें स्थान पर) और लॉरेन बेल (चार स्थान के फायदे से 21वें स्थान पर) की तिकड़ी को भी फायदा हुआ है।

### मंधाना वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय

बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में वनडे सीरीज के अंतिम मैच में 105 रन की पारी खेली, जबकि वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को मुंबई में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 54 रन बनाए थे। मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर दो स्थान के नुकसान से 13वें, जबकि हरलीन देओल नौ स्थान के फायदे से 64वें स्थान पर हैं।

**दुबई, एजेंसी।** बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में वनडे सीरीज के अंतिम मैच में 105 रन की पारी खेली, जबकि वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को मुंबई में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 54 रन बनाए थे। भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना को मंगलवार को जारी आईसीसी की ताजा रैंकिंग में फायदा हुआ है। मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था जिसका फायदा उन्हें रैंकिंग में मिला है। मंधाना वनडे और टी20 दोनों ही प्रारूप में शीर्ष तीन बल्लेबाजों में शामिल हो गई हैं। भारत की स्टार बल्लेबाज मंधाना वनडे रैंकिंग में तीन स्थान के फायदे से दूसरे, जबकि टी20 में एक स्थान की उछाल के साथ तीसरे नंबर पर आ गई हैं।

इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट दो स्थान के फायदे से 11 स्थान पर हैं। उन्होंने नाबाद 65 रन की पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज 2-1 से जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। पर्थ में 50 रन बनाने वाली एश्ले गार्डनर 16वें से 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि ताहलिया मैकग्रा आठ स्थान के फायदे से 24वें स्थान पर हैं। एनाबेल सदरलैंड 15 स्थान के फायदे से 29वें पायदान पर हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ 110 रन की मैच विजयी पारी खेली थी।



### आरसीबी ने इस कारण शामिल किया प्रेमा रावत को

**बेंगलुरु, एजेंसी।** उत्तराखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाली लेग स्पिनर प्रेमा रावत महिला प्रीमियर लीग (डबल्यूपीएल) 2025 के लिए हुई मिनी नीलामी के बाद सभी की नजरों में आई हैं। प्रेमा को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 1.20 करोड़ की बड़ी रकम देकर अपने साथ जोड़ा है। प्रेमा अपनी स्पिन गेंदबाजी के अलावा एक अच्छी फील्डर भी हैं। प्रेमा ने इसी साल हुए उत्तराखंड प्रीमियर लीग में भी अच्छा प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया था। वह निचले प्रेमा लोअर ऑर्डर में शानदार बल्लेबाजी भी कर सकती हैं। आरसीबी के दल में आशा शोभना के रूप में पहले से ही एक शानदार लेग स्पिन गेंदबाज हैं पर इसके बाद भी टीम ने प्रेमा रावत को अपने साथ नीलामी में शामिल किया है। इसका कारण कारण शोभना का पूरी तरह से फिट नहीं होना है। ऐसे में फ्रेंचाइजी किसी तरह का कोई खतरा मौल नहीं लेना चाह रही है। यही कारण है कि लेग स्पिनर के तौर पर प्रेमा को टीम के साथ जोड़ा गया है। पिछले सत्र में स्मृति मंधाना की कप्तानी में आरसीबी ने शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे में प्रेमा के ऊपर बेहतर प्रदर्शन की जिम्मेदारी होगी। वहीं अगर आशा शोभना अगर पूरी तरह से फिट रहती हैं तो हो सकता है कि उन्हें इंतजार करना पड़ सकता है।

---

500 साइकिल चालक शामिल हुए, खेल मंत्री मांडविया ने

## फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव को हरी झंडी दिखाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस कार्यक्रम को मांडविया ने केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के साथ-साथ पेरिस पैरालंपिक की कांस्य पदक विजेता सिमरन शर्मा, राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू घणघस और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार सहित कई अन्य खिलाड़ियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को नई दिल्ली के मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव को हरी झंडी दिखाई। स्टेडियम से रायसीना हिल्स और वापसी तक की तीन किलोमीटर की यात्रा में करीब 500 साइकिल चालक शामिल हुए। इस पहल का उद्देश्य साइकिल को परिवहन के एक स्थायी और स्वस्थ साधन के रूप में बढ़ावा देना है।



इस कार्यक्रम को मांडविया ने केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के साथ-साथ पेरिस पैरालंपिक की कांस्य पदक विजेता सिमरन शर्मा, राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू घणघस और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार सहित कई अन्य खिलाड़ियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई। युवा मामले और खेल मंत्रालय के फिट इंडिया पहल, भारतीय साइकिलिंग महासंघ, एमवाई भारत और विभिन्न खेल प्राधिकरणों के सहयोग से पूरे देश में इस कार्यक्रम का 1,000 से अधिक स्थान पर एक साथ आयोजन हुआ। साइकिलिंग प्रतियोगिताएं भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) के साथ-साथ देश भर के खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) में एक साथ आयोजित की गई। इसमें 50,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

---

सीनियर बैडमिंटन नेशनल्स शुरूआत

## चिराग और अनमोल खिताब बरकरार रखने उतरेंगे

**बेंगलुरु, एजेंसी।** पुरुष एकल चैंपियन चिराग सेन और महिला एकल विजेता अनमोल खरब 18 दिसंबर से बेंगलुरु में खेली जाने वाली सीनियर बैडमिंटन नेशनल्स में अपना खिताब बराकरार रखने उतरेंगे। इस चैंपियनशिप की शुरुआत इंटर-जोनल टीम स्पर्धाओं से होगी, जबकि व्यक्तिगत टीम स्पर्धा 20 दिसंबर से शुरू होगी। इसमें मौजूदा चैम्पियन अपने-अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे।

वहीं इसको लेकर भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा, सीनियर नेशनल चैंपियनशिप घरेलू सर्किट का शीर्ष है और हमारे घरेलू सर्किट में प्रतिस्पर्धा के स्तर को देखते हुए, बेंगलुरु में बैडमिंटन प्रशंसकों को अगले सात दिनों में उच्च गुणवत्ता वाले मैच देखने को मिलेंगे और हम युवा खिलाड़ियों के बीच से कुछ नए स्टार खिलाड़ियों के उभरने का इंतजार कर रहे हैं। यह साल का अंतिम बाई टूर्नामेंट होगा। साल 2006-07 में चेतन आनंद द्वारा यह





उपलब्धि हासिल करने के बाद से कोई भी पुरुष एकल खिलाड़ी खिताब बरकरार नहीं रख पाया है। वहीं महिला बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल (2006-07 और 2017-18) की इसी अवधि के दौरान लगातार खिताब जीतने वाली एकमात्र महिला एकल खिलाड़ी रही हैं।

वहीं व्यक्तिगत स्पर्धा में लक्ष्य सेन को दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी प्रियांशु राजावत, दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी किरण जॉर्ज, पिछले संस्करण के फाइनलिस्ट एम. थारुन और बहुमुखी प्रतिभा के धनी प्रणय शेट्टीगर की अगुआई वाली युवा ब्रिगेड से कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। दूसरी ओर महिला वर्ग में, पिछले संस्करण की फाइनलिस्ट तन्वी शर्मा, अनुभवी मालविका बंसोड़, आकर्षि कश्यप, उन्नति हुड्डा, पूर्व चैंपियन अनुपमा उपाध्याय और उभरती हुई रक्षिता अनमोल के लिए कड़ी चुनौती पेश कर सकती हैं।

---

## व्यापार समाचार

आर्थिक अपराधियों के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी: वित्तमंत्री

## ईडी ने बैंकों और दावेदारों को लौटाई 22,280 करोड़ संपत्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि विदेशी संपत्ति का खुलासा करने वाले करदाताओं की संख्या 2021-22 में 60,467 से बढ़कर 2024-25 में दो लाख हो गई है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीड़ितों या सही दावेदारों को 22,280 करोड़ रुपये की संपत्ति लौटाई है। साथ ही कहा कि आर्थिक अपराधियों के खिलाफ लड़ाई लगातार जारी रहेगी।

इन मामलों में लौटाई जमीन: लोकसभा में पूरक अनुदान मांगों की पहली किस्त पर चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि भगोड़े विजय माल्या की 14,131.6 करोड़ रुपये की संपत्ति सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को वापस कर दी गई है। वहीं, नीरव मोदी मामले में, 1,052.58 करोड़ रुपये की संपत्ति पीएसबी और निजी बैंकों को लौटाई गई है।

इसके अलावा, मेहुल चोकसी मामले में 2,565.90 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है और इसकी नीलामी की जाएगी। साथ ही नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड (एनएसईएल) मामले में, 17.47 करोड़ रुपये की संपत्ति वास्तविक निवेशकों को वापस कर दी गई थी, जिन्हें धोखा दिया गया था।

हम किसी को नहीं छोड़ेंगे: उन्होंने कहा, पीएमएलए के मामले में ईडी ने बड़े मामलों से कम से कम 22,280 करोड़ रुपये की संपत्तियों को सफलतापूर्वक लौटाया है। हमने किसी को नहीं छोड़ा है, भले ही वे देश छोड़कर भाग



गए हों, हम उनके पीछे पड़े हैं। ईडी ने यह पैसा इकट्ठा किया है और बैंकों को वापस दे दिया है। उन्होंने आगे कहा, इसलिए यह समझना महत्वपूर्ण है कि हमने आर्थिक अपराध करने वालों को नहीं छोड़ा है। हम उनके पीछे पड़े हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जो पैसा बैंकों में वापस जाना है, वह वापस चला जाए।

विदेशी संपत्ति का खुलासा करने वाले करदाताओं की संख्या दो लाख: विदेशी काले धन के संबंध में मंत्री ने कहा कि 2015 का काला धन अधिनियम वास्तव में कई करदाताओं पर एक निवारक प्रभाव डाल रहा है और वे अपनी विदेशी संपत्तियों का खुलासा करने के लिए आगे आते हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी संपत्ति का खुलासा करने वाले करदाताओं की संख्या 2021-22 में 60,467 से बढ़कर 2024-25 में दो लाख हो गई है।

अधिनियम के तहत जून 2024 तक 697 मामलों में 17,520 करोड़ रुपये से अधिक की मांग की गई है। कुल 163 अभियोजन शुरू किए गए हैं।

### ताइवान की लैपटॉप कंपनी चेन्नई संयंत्र के साथ भारत में विनिर्माण करेगी शुरू

ताइवान की लैपटॉप विनिर्माता कंपनी एमएसआई भारत में अपना विनिर्माण परिचालन शुरू कर रही है। इसके अनुसार एमएसआई भारत में अपनी दो लैपटॉप मॉडल एमएसआई मॉडर्न 14 और एमएसआई थिन 15 के स्थानीय रूप से विनिर्मित संस्करण पेश करेगी। इन लैपटॉप की कीमत क्रमश: 73,990 रुपये और 52,990 रुपये से शुरू होगी। एमएसआई ने अपने बयान में कहा कि भारत एमएसआई के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है और ब्रांड अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है। उच्च प्रदर्शन वाले लैपटॉप की मांग बढ़ रही है और इसलिए उन्होंने वैश्विक मानकों को पूरा करने वाले स्थानीय रूप से विनिर्मित उपकरणों की पेशकश करने का निर्णय लिया है। एमएसआई इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भारत की महत्वपूर्णता को मानते हुए इस नए पहल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से एमएसआई के लिए एक प्रमुख केंद्र रहा है और उच्च प्रदर्शन वाले लैपटॉप की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए हम विनिर्माण की प्रक्रिया भारत में शुरू कर रहे हैं। एमएसआई की इस पहल से भारतीय प्रौद्योगिकी सेक्टर में नई ऊर्जा और उत्साह भरने की संभावनाएं बढ़ेंगी और लोगों के लिए एक नया विकल्प उपलब्ध होगा।

---

महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा बोले

## एमएंडएम ने दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी बनकर दुनिया को हैरान किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स की ओर से जारी की गई सबसे मूल्यवान कार निर्माताओं की वैश्विक रैंकिंग में एमएंडएम को शामिल किया गया है। इस उपलब्धि पर बोलते आनंद महिंद्रा ने शुरुआती वर्षों में भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग के सामने आई चुनौतियों को याद किया। उन्होंने क्या कहा आइए, जानें। महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने मंगलवार को बताया कि जब भारत ने एक स्वतंत्र वाहन निर्माता के रूप में शुरुआत की थी, तो दुनिया का मानना था कि इसके सफल होने की संभावना बहुत कम है। उन्होंने यह विचार उस समय व्यक्त किए जब वाहन निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बाजार पूंजीकरण के आधार पर दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी बनकर 43.12 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स की ओर से जारी की गई सबसे मूल्यवान कार निर्माताओं की वैश्विक रैंकिंग में एमएंडएम को शामिल किया गया है। इस उपलब्धि पर बोलते आनंद महिंद्रा ने शुरुआती वर्षों में भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग के सामने आई चुनौतियों को याद किया। उन्होंने कहा, 1991 में जब भारतीय अर्थव्यवस्था खुली तो दुनिया को लगा कि एक स्वतंत्र वाहन निर्माता के रूप में हमारे अस्तित्व की संभावनाएं बहुत कम हैं।

महिंद्रा ने इंजन विशेषज्ञता के लिए स्टेलेंटिस (प्यूजो) और आधुनिक कारों के निर्माण के लिए फोर्ड और रेनॉल्ट जैसी वैश्विक कंपनियों के साथ सहयोग के महत्व पर बल दिया। महिन्द्रा ने इन साझेदारियों के लिए आभार व्यक्त किया, और कहा कि इसके साथ साझेदारी से कंपनी को जानकारी प्राप्त करने और ऑटोमोटिव क्षेत्र में अपनी नींव मजबूत करने में मदद मिली। वैश्विक रैंकिंग में टेस्ला 1.23 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर के चौंका देने वाले बाजार पूंजीकरण के साथ शीर्ष पर है, इसके बाद टोयोटा 233.26 बिलियन अमरीकी डॉलर और बीवाईडी 107.52 बिलियन अमरीकी डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर है।

भारतीय वाहन निर्माताओं में मारुति सुजुकी इंडिया भी सूची में शामिल है, जिसने 41.81 बिलियन अमरीकी डॉलर के बाजार पूंजीकरण के साथ 13वां स्थान हासिल किया है। आनंद महिंद्रा ने प्रतिबद्धता और गर्व के साथ कहा, हम भारत को गौरवान्वित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखेंगे। यह उपलब्धि न केवल कंपनी के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत के ऑटोमोटिव उद्योग की ताकत और क्षमता को भी जाहिर करती है।

### बिहार सरकार ने करीब 30,000 करोड़ के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी

पटना। बिहार सरकार ने करीब 30,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी देने का ऐलान किया। राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की 58वीं बैठक में 52 इकाइयों के 28,881.55 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। 35 इकाइयों के 609.26 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को वित्तीय स्वीकृति दी गई। बोर्ड में शामिल उद्योग सचिव और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इसके अलावा सरकार ने राज्य में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हैं। हाल ही में खाद्य प्रसंस्करण निवेश बैठक और उद्यमी पंचायत का आयोजन किया गया। उद्यमी योजनाओं के लाभार्थियों को पहली और दूसरी किस्त की राशि का वितरण भी किया गया। इसी दिशा में राज्य सरकार ने बिहार बिजनेस कनेक्ट की घोषणा की है, जो 19-20 दिसंबर को पटना में आयोजित किया जा रहा है।

### डिक्सन टेक्नोलॉजीज ने वीवो के साथ संयुक्त उद्यम की घोषणा की

मुंबई। डिक्सन टेक्नोलॉजीज ने चीनी मोबाइल फोन विनिर्माता वीवो के साथ संयुक्त उद्यम की घोषणा की है, जिसमें डिक्सन वीवो के लिए और अन्य निर्माताओं के लिए भी फोन बना सकती है। इस संयुक्त उद्यम से होम इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सर्विस कंपनी (ईएमएस) को देश के मोबाइल फोन असेंबली बाजार में 20 फीसदी हिस्सेदारी हासिल हो सकती है। डिक्सन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह सौदा डिक्सन को 22-23 फीसदी की हिस्सेदारी मिलने में मदद करेगा और वीवो को स्मार्टफोन और फीचर फोन बाजार में भी 20 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी हासिल हो सकती है।

---

जॉय ई-रिक और जॉय ई-बाईक बिज़नेस वर्टिकल्स के तहत अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार किया

## इलेक्ट्रिक पैसेंजर थ्री-व्हीलर और इलेक्ट्रिक कमर्शियल लोडर्स के 'मेड इन इंडिया' वेरिएन्ट लॉन्च किए

**मुंबई, एजेंसी।** 2024 आधुनिक टेक्नोलॉजी और सर्वश्रेष्ठ फीचर्स के साथ पर्यावरण के अनुकूल परिवहन समाधानों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध इलेक्ट्रिक वाहनों की अग्रणी निर्माता वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने आज अपने ब्राण्ड जॉय ई-रिक के तहत 'मेड इन इंडिया' पैसेंजर एवं कमर्शियल इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर की नई रेंज का लॉन्च किया। साथ ही ब्राण्ड जॉय ई-बाईक के तहत नए हाई स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर 'नेमो' का भी लॉन्च किया है।

इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स को यात्री एवं चालक के लिए अधिक भरोसेमंद, सुरक्षित और व्यवहारिक बनाते हुए कंपनी ने पैसेंजर व्हीकल सेगमेन्ट में दो मॉडल्स लॉन्च किए हैं- जॉय ई-रिक वी 1 (एल5) और जॉय बंधु (एल3)। कमर्शियल सेगमेन्ट में भी कंपनी दो मॉडल्स लेकर आई है- जॉय सहायक प्लस कार्गो (एल5) तथा





जॉय ईको लोडर (एल3)। ये कमर्शियल मॉडल्स ऑथोराइज़्ड डीलरशिप्स पर उपलब्ध होंगे। देश में ई-मोबिलिटी को सशक्त बनाने के प्रयास में वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड भारत में फ्लीट ऑपरेटर्स के साथ साझेदारी करेगी, तथा इलेक्ट्रिक लास्ट माईल डिलीवरी, शेयर्ड मोबिलिटी और लॉजिस्टिक्स सेक्टर के लिए परिवहन के आधुनिक समाधान उपलब्ध कराकर इलेक्ट्रिक वाहनों के अडॉप्शन को गति प्रदान करेगी। वार्डविज़र्ड की आधुनिक ईवी टेक्नोलॉजी एवं संचालन दक्षतता का सदुपयोग कर यह साझेदारी फ्लीट ऑपरेटर्स को कार्बन फुटप्रिन्ट कम करने, संचालन की लागत पर बचत करने तथा दक्षता बढ़ाने में सक्षम बनाएगी। इनोवेशन और स्थानीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए वार्डविज़र्ड भारतीय फ्लीट ऑपरेटर्स की ज़रूरतों के अनुसार कस्टमाइज़्ड समाधान लाती है।

जॉय ई-बाईक के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को सशक्त बनाते हुए कंपनी ने नए हाई स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर 'नेमो' का लॉन्च भी किया है, जो अपने बोल्ड डिज़ाइन के साथ शानदार परफोर्मेन्स देता है। इसके नए फीचर्स और टेक्नोलॉजी राइडर को आराम और सुविधा का अनुभव प्रदान करते हैं।

### सेबी ने निष्क्रिय म्यूचुअल फंड फोलियो का पता लगाने के लिए एक प्लेटफॉर्म का प्रस्ताव रखा

मुंबई, एजेंसी। बाजार नियामक ने निवेशकों के लिए अपने निष्क्रिय पड़े म्यूचुअल फंड फोलियों का पता लगाने के लिए एक प्लेटफॉर्म का प्रस्ताव दिया है। सेबी द्वारा जारी 17 दिसंबर को जारी परामर्श पत्र में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड निवेश ट्रेसिंग एवं रिट्राइवल असिस्टेंट (मित्रा) की स्थापना का प्रस्ताव रखा। आइए इस बारे में और जानें।
बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों के लिए अपने निष्क्रिय पड़े म्यूचुअल फंड फोलियों का पता लगाने के लिए एक प्लेटफॉर्म का प्रस्ताव दिया है। सेबी की ओर से 17 दिसंबर को जारी परामर्श पत्र में भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड निवेश ट्रेसिंग एवं रिट्राइवल असिस्टेंट (मित्रा) की स्थापना का प्रस्ताव रखा है।

**मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड**
**कार्यालय उप महाप्रबन्धक (सिविल), चम्बल कॉलोनी, गोविन्दपुरा, भोपाल**
**फोन ऑफिस : 0755-2678206, ई-मेल : gmcivil.mkvvcl@gmail.com**
**क्रमांक : 050/उपमहाप्रबं./सि./3625-26** — **भोपाल, दिनांक : 17.12.2024**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सिविल वृत्त भोपाल के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु कम्पनी/म.प्र. शासन/केन्द्रीय शासन के विभिन्न विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत, ई.पी.एफ. नं. एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नं. प्राप्त ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में **लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन के दिनांक 15.09.2022 से प्रभावशील (वर्तमान तक संशोधित) एस.ओ.आर. (भवन एवं विद्युत) एवं बेस रेंट में 18 प्रतिशत जी.एस.टी. जोड़कर**, भावपत्र e-निविदा के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं :-

| निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि रुपये में |
|---|---|---|---|
| उपमप्रसि/भो./62/01 (ई-निविदा क्र. 2024_MKVVC_388975_1) | संचा./संधा. वृत्त रायसेन अंतर्गत एस.टी.एम. कार्यालय बरेली में स्टोर रूम का निर्माण कार्य बावत्| | 3.00 | 6000/- |

निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय : 18.12.2024 from 10:30 Hrs.
ऑनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की **अंतिम तिथि एवं समय : 30.12.2024 up to 15:00 Hrs.**
निविदा खुलने की दिनांक/समय : 31.12.2024 at 15:00 Hrs.
निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कंपनी की वेबसाइट **https://portal.mpcz.in** पर देखें एवं **https://www.mptenders.gov.in** पोर्टल से निविदा क्रय कर सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/117850/2024 — **उप महाप्रबंधक (सिविल)**

### मौके पर ही दिव्यांग प्रमाण पत्र बना और पेंशन प्रकरण की स्वीकृति भी मिली

## जनसुनवाई में त्वरित निराकरण से अभिभूत हुए दिव्यांग गोपीलाल

**विदिशा, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में आज कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने लटेरी तहसील के महावन गांव के 51 वर्षीय दिव्यांग आवेदक गोपीलाल बंजारा की समस्या को मौके पर ही हल करते हुए त्वरित निराकरण कराया है। जनसुनवाई में त्वरित मिले निराकरण कार्यों की दिव्यांग ने सराहना की है।

दिव्यांग आवेदक मोतीलाल बंजारा 90 प्रतिशत अस्थिबाधित हैं और वह अपनी पत्नि श्रीमती शांतिबाई के साथ जनसुनवाई में दिव्यांग सर्टिफिकेट और पेंशन शुरू कराने की समस्या लेकर पहुंचे थे। जनसुनवाई में आवेदक की व्यथा सुनते हुए मौके पर ही चंद मिनटो में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया और दिव्यांग पेंशन की स्वीकृति कराई गई है। इस कार्य को गंभीरतापूर्वक लेकर जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण कराए जाने पर दिव्यांग आवेदक और उनकी पत्नी ने



धन्यवाद व्यक्त किया है और अब आगामी माह से दिव्यांग आवेदक की पेंशन भी शुरु हो जाएगी जो सीधे दिव्यांग के बैंक खाते में प्राप्त होने लगेगी। गौरतलब हो कि प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में त्वरित मिल रहे निराकरण कार्यों से आम जनों का जनसुनवाई के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। आवेदकों की समस्याओं को जनसुनवाई में मौके पर कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह सहित विभागीय अधिकारियों के द्वारा गंभीरता से सुना जा रहा है और निराकरण के कार्यों को विशेष बल देते हुए संपादित कराया जा रहा है। जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की भी अलग से मॉनिटरिंग कर समीक्षा करते हैं।

### कलेक्टर ने रात्रि में शहर का भ्रमण किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गत मध्य रात्रि में विदिशा शहर के बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर ठंड व शीत लहर से बचाव के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया और नागरिकों से संवाद कर व्यवस्थाओं की क्रॉस-मॉनिटरिंग भी की। कलेक्टर सिंह ने विदिशा नगर के बस स्टैंड, जिला चिकित्सालय के रैन बसेरा को देखा इसके पश्चात उन्होंने जिला चिकित्सालय के वार्डों और रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर स्वच्छता सहित अन्य व्यवस्थाओं को परखा है। कलेक्टर सिंह ने रैन बसेरा में ठहरने वाले नागरिकों से संवाद कर यहां क्या व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। कहीं कोई दिक्कत परेशानी तो नहीं ठंड व शीत लहर से बचाने के क्या इंतजाम किए गए हैं की जानकारी संवाद के माध्यम से प्राप्त की। उन्होंने रेन बसेरों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर ठंड व शीतलहर से बचाव के लिए अलाव जलाने के प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

### कलेक्टर ने की जनकल्याण शिविरों तथा आयुष्मान कार्ड की समीक्षा

## जनकल्याणकारी योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को मिले लाभ

**रायसेन, निप्र।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर अरविंद दुबे ने जिले में जनकल्याण शिविरों के आयोजन, 70 प्लस नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य तथा राजस्व महाअभियान की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जनकल्याण शिविरों के आयोजन की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामों तथा निकायों में जनकल्याण शिविरों के आयोजन की तिथियों का समुचित प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे कि अधिक से अधिक नागरिकों इनका लाभ मिले। कलेक्टर दुबे ने वीसी के माध्यम से सभी एसडीएम, जनपद



सीईओ, सीएमओ से कहा कि जनकल्याण शिविरों में अधिक से अधिक नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें। शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज किया जाए और उनका नियमानुसार त्वरित निराकरण भी किया जाए। कलेक्टर दुबे ने जिले में 70 प्लस वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनाने की गति धीमी ना हो। विगत दिवसों में आयुष्मान कार्ड बनाने में संख्या में कमी आई है।

### रामलीला मेले में कलाकारों ने श्री राम जन्मोत्सव प्रसंग की दी मनमोहक प्रस्तुति

## राजा दशरथ को चौथे पन में गुरू के आर्शीवाद से हुई पुत्र रत्न की प्राप्ति

**रायसेन, निप्र।** ऐतिहासिक श्री रामलीला मेले के चलते मंगलवार को रामलीला के कलाकारों द्वारा श्री राम जन्मोत्सव प्रसंग की मनमोहक एवं भव्य प्रस्तुति की गई । जैसे ही राजा दशरथ जी के घर पुत्र रतन की प्राप्ति हुई वैसे ही चारों तरफ जय जयकार होती है और पूरा माहौल राम मय दिखाई देता है। प्रस्तुत की गई लीला के अनुसार अयोध्या के राजा दशरथ जी को कोई पुत्र रत्न की प्राप्ति नहीं होती है तो वह मन ही मन बहुत ही चिंता व्यक्त करते हैं और मन में सोच विचार करते हुए वह एक दिन अपना मुंह दर्पण में देखते हैं तो उन्हें सिर के सफेद



बाल नजर आते हैं ऐसा मन में सोच कर राजा दशरथ जी अचरज में पड़ जाते हैं और मन ही मन विचार करते हैं कि मेरा बुढापा आ गया है परंतु अभी तक मुझे पुत्र रत्न की प्राप्ति नहीं हुई है । इसके बाद यह विचार लेकर वह गुरु विश्वामित्र जी के पास पहुंचते हैं और उनसे विनय करते हैं इस समय विश्वामित्र जी राजा दशरथ जी के मन की बात को समझते हुए उन्हें पुत्र रत्न प्राप्ति के लिए यज्ञ करने की सलाह देते हैं और कहते हैं कि जो प्रसादी खीर की बने उसे सभी रानियो के लिए खिलाना है अवश्य ही राजन तुम्हारे घर पुत्र रतन की प्राप्ति होगी। इस प्रकार से गुरु के आशीर्वाद के पश्चात राजा दशरथ के राजमहल में चारों राजकुमार राम, लक्ष्मण और भरत, शत्रुघ्न का जन्म होता है। इस दौरान केकई के भरत, कौशल्या के राम और सुमित्रा के लक्ष्मण, शत्रुघ्न चार पुत्र जन्म लेते हैं। रामलीला मैदान में मंच के माध्यम से श्री राम जन्मोत्सव प्रसंग की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा की गई उस समय पूरा माहौल राम मय दिखाई देता है और जय श्री राम के जयकारे रामलीला मैदान में सुनाई देते हैं। राजा दशरथ के राजमहल में भी खुशी का वातावरण दिखाई देता है।

### एक सप्ताह से जारी कड़ाके की ठंड

**रायसेन।** रायसेन में पिछले एक सप्ताह से पड़ रही कड़ाके की ठंड के बाद अब दिन में तीन और रात के तापमान में दो डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एक सप्ताह तक रात का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से कम बना रहा है। सोमवार मंगलवार की रात का न्यूनतम तापमान बढ़ कर 5.5 डिग्री पर आ गया। जबकि सोमवार दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री पर पहुंच गया। लगातार एक सप्ताह से जारी शीतलहर और कड़ाके की ठंड से लोगो की दिनचर्या प्रभावित हुई। वही सब्जी की खेती करने वाले किसानों को भी फसल में पाला लगने की चिंता बढ़ गई। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मंगलवार के बाद शीतलहर का दौर खत्म होने का अनुमान है। कुछ दिन तक थोड़ी राहत मिल सकती है।

### शास.उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पॉलीटेक्निक कॉलेज का किया भ्रमण




**रायसेन, निप्र।** रायसेन स्थित षासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय का मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन के कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के कुल 110 छात्र-छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण किया। महविद्यालय के व्याख्याताओं द्वारा स्कूली विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्षन, षासन की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं एवं कैम्पस प्लेसमेंट की जानकारी प्रदान की गई। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय से आईटी ट्रेड एवं इलेक्ट्रानिक्स एवं हार्डवेयर ट्रेड के विद्यार्थियों को वर्कषॉप, लेब, लाईब्रेरी एव 11वीं एवं 12वीं ओपन स्कूल से करने की सुविधा की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन श्रीमती स्वाती चौहान एवं षिक्षक गरिमा मेहरा व विकास सिंह द्वारा धन्यवाद प्रेषित किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ एसपी कोरी द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

### सिलवानी में जमीन कब्जे का मामला, दबंगों से जमीन छुड़ाने की मांग

## पीड़ितों ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रायसेन, निप्र।** रायसेन में सिलवानी तहसील के आधा दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों ने अपनी जमीन पर हुए कब्जे को लेकर मंगलवार को रायसेन कलेक्ट्रेट में कलेक्टर अरविंद दुबे को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में राजा रघुवंशी, गहेश रघुवंशी, गुन्नालाल, मुन्नीवाई, कमल सिंह, विनोद रघुवंशी, वंदना रघुवंशी और कविता रघुवंशी शामिल थे।

पीड़ितों ने बताया कि उनकी करीब 8.30 एकड़ जमीन सिलवानी तहसील के कुंअरपिपलिया ग्राम, चिचौली और भटपुरा में स्थित है, जिस पर कुछ दबंगों ने जबरदस्ती कब्जा कर लिया है। इन लोगों के



खिलाफ राजनीतिक संरक्षण होने के कारण लगातार गाली-गलौज, विवाद और जान से मारने की धमकियां दी जाती हैं।

दबंगों से जमीन छुड़ाने की मांग

पीड़ितों का आरोप है कि कब्जा करने वाले लोग राजस्व अधिकारियों को झूठे आवेदन प्रस्तुत कर उनके खिलाफ उत्पीड़न भी करवा रहे हैं। इससे उन्हें मानसिक और शारीरिक दोनों तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर अरविंद दुबे से मांग की गई है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हस्तक्षेप कर उनकी जमीन दबंगों से मुक्त कराई जाए।

### यातायात सुगम हो के तमाम प्रबंधो का सुव्यवस्थित क्रियान्वयन

**विदिशा।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई थी जिसमें यातायात सुगम हो के लिए किए जा रहे पूर्व प्रबंधो के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई और अधिक बेहतर प्रभावी क्रियान्वयन हो के सुझावो को अमल करने पर बल दिया गया है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने विदिशा शहर में यातायात निर्बाध रूप से संचालित हो सड़को पर बेतरबी से वाहन खडे न हो। प्रकाश और सिग्नल के प्रबंध बेहतर हो इसके अलावा आटो में स्कूली बच्चों को ले जाने वाले चालको के द्वारा नियमो का पालन किया जाएं। सभी आटो पंजीबद्ध हो और इसके लिए आटो पर आवंटित किए जाने वाले नम्बर अंकित किए जाए। कलेक्टर सिंह ने जांच पड़ताल के पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर बल दिया।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत आयोजित होंगे सामूहिक विवाह कार्यक्रम

**रायसेन, निप्र।** जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत आगामी माहों में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए जाने के संबंध में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा सभी जनपद सीईओ तथा सीएमओ को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिले में माह जनवरी 2025 में दिनांक 16 एवं 24 जनवरी को, माह फरवरी 2025 में दिनांक 04 एवं 19 फरवरी को और माह मार्च 2025 में दिनांक 05 एवं 12 मार्च 2025 को सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विवाह या निकाह सम्पन्न कराने वाली प्रत्येक वधु को 55 हजार रू स्वीकृत किए जाते हैं। जिसमें से 49 हजार रू वधु के एकाउंट पेयी चैक तथा शेष 06 हजार रू सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजन करने हेतु



आयोजनकर्ता निकाय को देय होगी।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत निर्धारित तिथियों में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजन हेतु नगरीय क्षेत्र के लिए संबंधित नगर पालिका या नगर परिषद तथा ग्रामीण क्षेत्र हेतु जनपद पंचायत अधीकृत संस्था रहेगी। सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले वर-वधु को संयुक्त रूप से निर्धारित प्रारूप में आवेदन संबंधित निकाय में प्रस्तुत करना होगा। सभी प्राप्त आवेदनों को विवाह पोर्टल पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम से सात दिवस पूर्व दर्ज करने की जिम्मेदारी संबंधित स्थानीय निकाय की होगी। हितग्राहियों की पात्रता की जांच हेतु ग्रामीण क्षेत्र में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा और नगरीय क्षेत्र में निकाय के मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा जांच समिति का गठन किया जाएगा जो कि पात्रता मापदण्ड को ध्यान में रखते हुए हितग्राहियों के आवेदन पत्रों की जांच कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए चयन करेगी। अधिक से अधिक कन्याओं को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना का लाभ मिल सके, इसके लिए सामूहिक विवाह/निकाह आयोजन के लिए निर्धारित तिथियों का विभिन्न माध्यमों से समुचित प्रचार-प्रसार कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में प्रदेश में 10 लाख आवास बनेंगे

## हितग्राहियों को 22 हजार 800 करोड़ रूपये की राशि जारी

रायसेन, निप्र। नगरीय विकास एवं आवास विभाग प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 की शुरूआत हो गई है। इस योजना में प्रदेश के जरूरतमंद हितग्राहियों के लिये 10 लाख आवास बनाये जायेंगे। इस योजना का लाभ उन हितग्राहियों को दिया जायेगा, जिन्हें किसी कारण से अब तक आवास योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने मैदानी अमले को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के आवेदन संबंधी जानकारी नजदीकी नगरीय निकायों से प्राप्त की जा सकती है। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये केन्द्र सरकार ने यूनीफाइड वेब पोर्टल पर भी जानकारी अपलोड की है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 में 4 प्रकार के घटक शामिल किये गये हैं। हितग्राही आवेदन करते समय अपनी पात्रता और आवश्यकता के अनुसार घटक का चयन कर सकते हैं। योजना संबंधी निर्देशिका पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 में देश में एक करोड़ आवास और मध्यप्रदेश में 10 लाख आवास बनाये जाने का कार्यक्रम तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 में विशेष वर्गों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है। इनमें पीएम स्वनीधि योजना, भवन निर्माण श्रमिक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पीएम विश्वकर्मा योजना के कारीगर, सफाई कर्मी और झुग्गी बस्ती में रहने वाले परिवार शामिल है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 में 8 लाख 25 हजार आवास बनकर हो गये हैं तैयार प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में अब तक 8 लाख 25 हजार जरूरतमंद हितग्राहियों के आवास निर्माण पूरे किये जा चुके हैं। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के पहले चरण में 9 लाख 45 हजार आवास स्वीकृत किये गये थे।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज

**रायसेन।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर श्री अरविंद दुबे की अध्यक्षता में आज को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में आरसीएच पोर्टल, अनमोल, आधारित मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा, लक्ष्य के विरूद्ध गर्भावस्था का पंजीयन, मोडरेट एनीमिया, सीवियर एनीमिया का चिन्हांकन एवं प्रबंधन, सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों का निराकरण, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों व अभियानों की समीक्षा की जाएगी।

### 15 दिन में 1093 वाहनों का चालान कटा

## यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई, 4 लाख रुपए से ज्यादा का जुर्माना वसूला

**विदिशा, निप्र।** विदिशा में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद से पुलिस चेकिंग अभियान चला रही है।

एक हजार से ज्यादा वाहनों की जांच की गई: इस अभियान में 1 दिसंबर से 15 दिसंबर



तक 1093 वाहनों की जांच की गई और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 4,14,700 रुपए का जुर्माना लगाया गया। पुलिस ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया और उन्हें हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट बांधने, नंबर प्लेट लगाने, मॉडिफाइड साइलैंसर का उपयोग नहीं करने और काली फिल्म नहीं लगाने के लिए समझाया।

इस अभियान के दौरान सरकार की ओर से चलाई जा रही गुड सेमरिटन योजना के बारे में भी जागरूकता फैलाई गई।

### जनसुनवाई में 173 आवेदन प्राप्त हुए

## मौके पर 93 आवेदनों का निराकरण किया गया

**विदिशा, निप्र।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा हरेक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से अनेक आवेदको के आवेदनो का निराकरण मौके पर किया जा रहा है। दस दिसम्बर मंगलवार को 173 आवेदको के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए थे जिसमें से मौके पर 93 आवेदनो का निराकरण किया गया है।

कलेक्ट्रेट के भूतल स्थित जनसुनवाई कक्ष के समीप स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार केम्प के अलावा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्यो का भी संपादन किया जा रहा है।

कलेक्टर सिंह ने शेष लंबित आवेदनो पर समयावधि में कार्यवाही कर निराकरण की अद्यतन जानकारी



जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट के भू-तल स्थित जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों के लिए विभिन्न स्तरीय सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। जिसमें उनके स्वास्थ्य परीक्षण, रोगोपचार दवाईयां भी प्रदाय कराने की व्यवस्था क्रियान्वित की जा रही है। इसके अलावा आवेदकों को पावती देने, आवेदन किस विभाग से संबंधित है उस विभाग के जिलाधिकारी तक आवेदकों को पहुंचाने के लिए पृथक से कर्मचारियों की तैनाती की गई है साथ ही साथ जनसुनवाई में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचने वालो की सुविधा हेतु आधार सेन्टर का क्रियान्वयन भी किया जा रहा है। आधार सेन्टर पर आधार अपडेट, नवीन आधार कार्ड समेत आधार से संबंधित अन्य कार्यो का संपादन भी किया जा रहा है।

आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोहिनी शर्मा, सुश्री निकिता तिवारी, एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री संतोष बिटौलिया, जिला पंचायत सीईओ श्री पंकज जैन के अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे और वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से अन्य अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों से संवाद किया गया है।

### ओखलीखेड़ा में जन कल्याण शिविर

**ओखलीखेड़ा[ लटेरी ], निप्र।** प्रदेश भर में आयोजित मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत और नगरीय स्तर पर घर-घर सर्वे कराकर आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें शासन की संचालित योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिलाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत मंगलवार को लटेरी विकासखंड के ग्राम पंचायत ओखलीखेड़ा में ग्राम पंचायत परिसर के पास शिविर लगाया गया था। शिविर प्रभारी बीआरसी प्रदीप विश्वकर्मा ने बताया की शिविर में ग्रामीणों के द्वारा अलग-अलग विभागों के 18 हितग्राही आवेदन लेकर पहुंचें।

### जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने किया पुष्प मालाओं से स्वागत सम्मान

## भाजपा संगठन की मजबूती के लिए सभी मंडल अध्यक्ष पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करें कामः राकेश शर्मा

**रायसेन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी जिला रायसेन के नवागत 21 भाजपा मंडल अध्यक्षों का स्वागत सम्मान मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय के सभागार में यशस्वी एवं ऊर्जावान जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने नवागत भाजपा मंडल अध्यक्षों का एक-एक कर स्वागत सम्मान किया एवं उन्हें मिठाई खिलाई। कार्यक्रम में शामिल हुए मंडल अध्यक्षों ने भी जिला भाजपा अध्यक्ष शर्मा का स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि आज बड़ी खुशी का दिन है की हमारे भाजपा के चुने गए मंडल अध्यक्षों का स्वागत सम्मान करने का मुझे सौभाग्य मिला है मैं आशा करता हूं कि भारतीय जनता पार्टी की मजबूती के लिए आप पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ काम करेंगे ऐसा मुझे पूरा विश्वास है । आपको मंडल अध्यक्ष के रूप में जो जिम्मेदारी मिली है उसका निर्वहन आपको बहुत ही सोच समझ कर पार्टी के सिद्धांतों पर चलते हुए करना है। आपके और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की दम पर बीजेपी बूथ लेवल से लेकर राष्टीय स्तर तक विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है आपका हमारा सौभाग्य है कि हम विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे हैं और आम जनता की सेवा कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि आप अपने पद की गरिमा बनाते हुए संगठन की निरंतर मजबूती के लिए काम करना है मैं हमारे जिले के नवागत मंडल अध्यक्षों का हृदय से स्वागत अभिनंदन वंदन करता हूं और मेरी ओर से आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नवागत मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता राकेश तोमर ने किया।


प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा आर.टी.ओ. ऑफिस के पास, सागर रोड, रायसेन से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा भोपाल- 462023 ( म.प्र. ) भोपाल से मुद्रित। संपादक- डी.पी.गोयल । मो.9981502276, 27054436, 9826735596.भोपाल कार्यालय : 4240007. स्थानीय व्यवस्थापक श्याम अग्रवाल मो. नं. 9826735596 ( सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा । )।